CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक
स्पोर्ट्स, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैण्ड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटपट्टी के थोक व चिल्हर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-281191, 325125
Email : Swastikstoresrjn@gmail.com ● www.swastikstores.com

वर्ष- 45 अंक - 111 राजनांदगांव, मंगलवार 10 मार्च 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## जंग का आर्थिक प्रहार: कच्चे तेल में आग, बाजार धड़ाम व सोना-चांदी में उथल-पुथल

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में ईरान से जुड़े युद्ध और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भारत समेत दुनियाभर के वित्तीय बाजारों को बुरी तरह झकझोर दिया है और अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। सोमवार को वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण भारतीय इक्विटी और मुद्रा (करेंसी) बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। इस संकट ने निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, भारत इस समय एक तिहरे प्रहार- महंगा कच्चा तेल, गिरते रुपये और शेयर बाजार में गिरावट का सामना कर रहा है। वहीं, सोने-चांदी की कीमतों में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है।




### शेयर बाजार में अचानक इतनी बड़ी गिरावट का मुख्य कारण

पश्चिम एशिया में ईरान-इस्राइल-अमेरिका युद्ध के कारण कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने का भारी डर पैदा हो गया है। इस दहशत के कारण सोमवार को सेंसेक्स 2,400 अंकों का गोता लगा गया, जबकि निफ्टी करीब 3त्न टूटकर 24,028.05 के स्तर पर आ गया। भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) तेजी से अपना पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों (जैसे डॉलर) का रुख कर रहे हैं। इससे बाजार में बिकवाली की सुनामी आ गई है। हालांकि, बाजार बंद होते समय सेंसेक्स और निफ्टी अपने निचले स्तरों से संभलकर बंद हुए।

### कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत को सबसे ज्यादा खतरा

भारत अपनी जरूरत का 89 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। युद्ध शुरू होने के बाद से ब्रेंट क्रूड 50 प्रतिशत से अधिक उछलकर 117 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य है, जहां से हमारा रोजाना 26 लाख बैरल तेल गुजरता है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने चेतावनी दी है कि अगर खाड़ी देशों के ऊर्जा निर्यात पर असर पड़ा, तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।

### सोने-चांदी में उतार-चढ़ाव और रुपये के टूटने के मायने क्या हैं?

सोमवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 3,400 रुपये की गिरावट आई और यह 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोने का भाव लगभग स्थिर रहा और 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बना रहा। अस्थिर वैश्विक बाजारों के बीच मजबूत अमेरिकी डॉलर ने कीमती धातुओं की मांग को कम कर दिया। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, सफेद धातु (सोने) में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और शुक्रवार के बंद भाव 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 3,400 रुपये या लगभग 1.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,68,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से मुद्रास्फीति का दबाव फिर से बढ़ने की आशंका बढ़ गई है, जिसके चलते चांदी की कीमतों में पिछले सप्ताह की गिरावट जारी रही। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें व्यापक मुद्रास्फीति की आशंकाओं को बढ़ावा देती हैं, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की गति में देरी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि इस परिदृश्य से अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड को समर्थन मिला, जिससे बदले में कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा। तेल महंगा होने से भारतीय आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग पैदा हुई है। रिजर्व बैंक के दखल के बावजूद भारी दबाव के चलते रुपया 92.33 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर लुढ़क गया। रुपये की इस कमजोरी से न सिर्फ हमारा आयात बिल बढ़ेगा, बल्कि चालू खाता घाटा भी बढ़ेगा। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से लॉजिस्टिक्स, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा: चर्चा की मांग; सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा।

सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया। वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉक आउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खबू हंगामा किया। चेयर के बार-बार बोलने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए थे। राज्यसभा की कार्यवाही अभी जारी है।



### राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, खरगे बोले- भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा है प्रभाव

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में आज पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में घमासान देखने को मिला है। विदेश मंत्री की तरफ से सदन में पश्चिम एशिया में व्याप्त संकट पर बयान दिया गया। लेकिन इसके बाद से विपक्ष सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, पश्चिम एशिया संकट से कितना नुकसान होगा? एक बड़े बदलाव की लड़ाई चल रही है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। आपने शेयर बाजार देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता कर लिया है। देश को बड़ा झटका लगने वाला है। तो फिर इस पर चर्चा करने में उन्हें क्या दिक्कत है?

### क्या पश्चिम एशिया का मुद्दा महत्वपूर्ण नहीं है?

राहुल गांधी ने आगे कहा कि, हम इसके बाद दूसरे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। क्या पश्चिम एशिया का मुद्दा महत्वपूर्ण नहीं है? ईंधन की कीमतें और आर्थिक तबाही चर्चा के महत्वपूर्ण विषय नहीं हैं? ये सार्वजनिक मुद्दे हैं। हम इन्हें महत्वपूर्ण मानते हैं और इन पर चर्चा करना चाहते हैं... लेकिन वे चर्चा नहीं करना चाहते क्योंकि इससे और भी बातें सामने आएंगी, प्रधानमंत्री की छवि खराब होगी। उनकी छवि खराब होगी और उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है, ये सब सामने आएगा। इसलिए वे चर्चा नहीं करना चाहते। आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से कैसे भाग गए। मैं आपको बता रहा हूं, वे नहीं आ पाएंगे।

### भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा है प्रभाव- खरगे

वहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को एशिया के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में तेजी से बदल रही भू-राजनीतिक स्थिति पर चिंता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बदला एलपीजी गैस सिलेंडर मिलने का नियम, 21 दिन के बजाय 25 दिन के अंतराल पर कर सकेंगे बुकिंग

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए निर्धारित समय सीमा में संशोधन किया है। अब उपभोक्ता अपने गैस सिलेंडर की बुकिंग 21 दिन के बजाय 25 दिन के अंतराल पर कर सकेंगे। सरकार का यह कदम मुख्य रूप से बाजार में होने वाली जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है।



### घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता और उत्पादन में वृद्धि

सरकार ने उपभोक्ताओं की जरूरतों को देखते हुए रिफाइनरियों को एलपीजी का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही तेल कंपनियों को स्पष्ट आदेश दिया गया है कि वे कॉमर्शियल कनेक्शन के स्थान पर घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दें। सूत्रों के अनुसार, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता घरेलू ग्राहक ही हैं।

### नए वैश्विक साझेदारों की तलाश

एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत ने नए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों की खोज शुरू कर दी है। इस दिशा में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और नॉर्वे जैसे देशों ने भारत से संपर्क किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मिडिल ईस्ट संकट पर बोले एस जयशंकर: ईरान की लीडरशिप से संपर्क मुश्किल, हाई अलर्ट पर भारतीय दूतावास

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष को लेकर भारत सरकार ने चिंता जताई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इस मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि क्षेत्र में हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं और ईरान की लीडरशिप से संपर्क करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत संवाद और कूटनीति के जरिए तनाव कम करने की अपील करता है।



### प्रधानमंत्री खुद कर रहे हालात की निगरानी

विदेश मंत्री ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिडिल ईस्ट की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सरकार का सबसे बड़ा फोकस वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जयशंकर ने बताया कि खाड़ी देशों और मिडिल ईस्ट क्षेत्र में एक करोड़ से ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं, इसलिए यह संकट भारत के लिए बेहद संवेदनशील मुद्दा है।

### ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अहम है यह क्षेत्र

विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारत को तेल और गैस की आपूर्ति करने वाले कई प्रमुख देश इसी इलाके में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र का पड़ोसी है और इसलिए वहां की स्थिरता भारत के लिए अत्यंत जरूरी है।

### हालात लगातार बिगड़ते जा रहे

जयशंकर ने बताया कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है और सुरक्षा स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब अन्य देशों तक भी फैलने लगा है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई घायल, पद संभालने के 24 घंटे के भीतर हमला

नई दिल्ली। ईरान में मोजतबा खामेनेई के नया सुप्रीम लीडर चुने जाने के महज 24 घंटे के भीतर उन पर जानलेवा हमले की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली हमले में मोजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजराइल और अमेरिका ने पहले ही चेतावनी दी थी कि जो भी ईरान का नया सुप्रीम लीडर बनेगा, उसे खोजकर खत्म कर दिया जाएगा।



### सरकारी टीवी ने मोजतबा को बताया जांबाज

ईरानी सरकारी टीवी ने मोजतबा खामेनेई को जांबाज कहकर संबोधित किया है, जिसका कूटनीतिक अर्थ यह निकाला जा रहा है कि वे दुश्मन के हमले में घायल हुए हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मोजतबा किस विशिष्ट स्थान या घटना के दौरान घायल हुए। गौरतलब है कि जंग शुरू होने के बाद से ही वे सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे और उन्हें कल ही आधिकारिक तौर पर देश का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था।

### इजराइल की खोज कर मारने की धमकी का असर?

आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद इजराइल और अमेरिका ने बिना इजाजत सुप्रीम लीडर चुनने पर कड़ा रुख अपनाया था। इजराइल ने स्पष्ट धमकी दी थी कि नया लीडर चाहे कहीं भी छिपा हो, उसे ढूंढ निकाला जाएगा। इस हमले को उसी धमकी के परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। मोजतबा के लिए यह व्यक्तिगत तौर पर भी एक बड़ा आघात है क्योंकि इससे पहले 28 फरवरी को हुए हमले में उनकी पत्नी, बेटी और पिता अली खामेनेई की पहले ही मौत हो चुकी है। एक ओर जहा पश्चिम से मोजतबा को धमकियां मिल रही हैं, वहीं चीन ने उन्हें नया सर्वोच्च नेता बनाए जाने का समर्थन किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि यह ईरान का आंतरिक मामला है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बेंगलुरु में आज बंद रहेंगे सभी होटल-रेस्टॉरेंट, कमर्शियल गैस सप्लाई ठप होने की वजह से लिया गया फैसला

नई दिल्ली। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में मंगलवार से तमाम होटल और रेस्टॉरेंट्स बंद हो सकते हैं। बैंगलोर होटल्स एसोसिएशन ने इसकी जानकारी दी है। बैंगलोर होटल्स एसोसिएशन ने बताया कि शहर में कमर्शियल गैस सप्लाई संकट के कारण कल से होटल और रेस्टॉरेंट्स बंद हो सकते हैं। होटल एसोसिएशन ने 19 किलो वाले कमर्शियल LPG सिलेंडर की सप्लाई अचानक रुकने के बाद एक प्रेस रिलीज जारी की है। एसोसिएशन ने प्रेस रिलीज में बताया कि अगर कल सुबह कमर्शियल LPG की सप्लाई नहीं मिली तो सारे होटल्स बंद हो जाएंगे। अगर ऐसा होता है तो रोजाना शहर आने-जाने वाले लोगों की समस्याएं बढ़ सकती हैं।



### होटल एसोसिएशन ने तेल कंपनियों पर लगाया ये बड़ा आरोप

बैंगलोर होटल्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि आज कई रेस्टॉरेंट्स को कमर्शियल LPG की सप्लाई नहीं मिली। उन्होंने कहा कि अगर कल भी गैस की सप्लाई नहीं मिली तो एक-एक करके सभी होटल और रेस्टॉरेंट्स बंद होना शुरू हो जाएंगे। होटल्स एसोसिएशन की ओर से सोमवार को जारी किए गए प्रेस रिलीज के अनुसार, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई में अचानक आई ये रुकावट तेल कंपनियों के पिछले वादों से पूरी तरह उलट है, जिन्होंने कथित तौर पर कम से कम 70 दिनों तक लगातार सप्लाई की गारंटी दी थी। एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई में इस रुकावट की वजह से अब होटल ऑपरेटर्स के पास बिजनेस बंद करने के अलावा और कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वहीं दूसरी तरफ, सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए बुकिंग की अवधि को 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। सरकारी सूत्रों ने ये जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि खाड़ी देशों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान ने तुर्किए पर दागी दूसरी मिसाइल: नाटो ने समुद्र में ही किया ढेर



नई दिल्ली। तुर्किए ने दावा किया है कि नाटो की हवाई रक्षा प्रणाली ने ईरान से दागी गई दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया। यह तुर्किए के हवाई क्षेत्र में घुस गई थी। ईरान ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसने बार-बार कहा है कि वह क्षेत्रीय देशों के साथ युद्ध में नहीं है और तुर्किये को निशाना नहीं बना रहा है।

### तुर्किए ने की थी मध्यस्थता की कोशिश

तुर्किए के रक्षा मंत्रालय ने कहा, हम अपने हवाई क्षेत्र पर किसी भी खतरे के खिलाफ कदम उठाएंगे। यह स्पष्ट नहीं था कि मिसाइल किस दिशा में जा रही थी। माना जा रहा है कि यह तुर्किए स्थित इंसिरलिक हवाई अड्डे पर तैनात अमेरिकी वायु सेना को निशाना बनाकर दागी गई थी। तुर्किए ने पिछले सप्ताह शुरू हुए युद्ध से पहले अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थता की कोशिश की थी। उसने पहले कहा था कि उसका वर्तमान में नाटो के अनुच्छेद 4 को लागू करने का कोई इरादा नहीं है, जिसके तहत किसी सदस्य देश पर खतरा होने पर सहयोगी देशों को परामर्श करने के लिए कहा जाता है। इस बीच, तुर्किए ने सोमवार को उत्तरी साइप्रस में छह एफ-16 लड़ाकू जेट और वायु रक्षा प्रणालियां तैनात कीं, ताकि तुर्किये समुदाय की सुरक्षा को बढ़ाया जा सके।

### क्या है नाटो का अनुच्छेद 5?

नाटो के अनुच्छेद 5 में कहा गया है कि यूरोप या उत्तरी अमेरिका में किसी एक सदस्य देश पर सशस्त्र हमला सभी देशों पर हमला माना जाएगा, जिससे प्रत्येक सहयोगी देश को सहायता करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिसमें सशस्त्र बल का प्रयोग भी शामिल होगा। नाटो के महासचिव मार्क रुट, जिन्होंने शुरुआती हमले के बाद सामूहिक रक्षा की संभावना को खारिज कर दिया था, अब बढ़े हुए जोखिम भरे हालातों का सामना कर रहे हैं। अंकारा की अब तक की बयानबाजी में अनुच्छेद 5 का नाम लेने से परहेज किया गया है, लेकिन अगर ईरान अपना रुख जारी रखता है तो अनुच्छेद 4 के तहत कार्रवाई हो सकती है, जिससे नाटो की एकता की परीक्षा होगी।

अगर नाटो का कोई भी सदस्य देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता या सुरक्षा को खतरे में महसूस करता है, तो वह अनुच्छेद 4 के तहत परामर्श का अनुरोध कर सकता है। इससे उत्तरी अटलांटिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई लक्ष्मी वर्मा और फूलोदेवी नेताम

रायपुर। छत्तीसगढ़ से बीजेपी प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुन ली गई हैं। दोनों नेत्री सोमवार को प्रमाण पत्र लेने विधानसभा भवन पहुंचीं। इस दौरान दोनों सांसदों ने मिठाई खिलाकर और गले लगाकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। इस मौके पर बीजेपी और कांग्रेस के नेता मौजूद रहे। सभी ने दोनों नेत्रियों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं। नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं, विकास से जुड़े मुद्दों और आमजन की अपेक्षाओं को सशक्त रूप से रखने में लक्ष्मी वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर विधायक किरण सिंह देव, विधायक अनुज शर्मा, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।





## अफीम की खेती पर विधानसभा में नारेबाजी, हंगामा: महंत बोले- छत्तीसगढ़ को अफीम का कटोरा बनाना चाहती है सरकार, गर्भगृह में पहुंचे 29 विधायक सस्पेंड

रायपुर। विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को दुर्ग के समोदा में हो रही अफीम की खेती को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने काम रोको प्रस्ताव के जरिए चर्चा करने की मांग की। साथ ही सरकार के संरक्षण में अफीम की खेती कराने का आरोप लगाया। सत्ता पक्ष ने कांग्रेस नेताओं पर सवाल उठाए। कई बार सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

इस मामले में डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा का वक्तव्य आया। इसके बाद सभापति धरमलाल कौशिक ने विपक्ष के प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। इससे नाराज विपक्ष के सभी विधायक गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इससे वे स्वयंमेव निलंबित हो गए। फिर भी विपक्ष गर्भगृह में बैठकर नारेबाजी करता रहा। इससे सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।



### स्वतंत्र एजेंसी या फिर सीबीआई से जांच हो: महंत

शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्थगन की सूचना दी। उन्होंने कहा, अफीम की खेती में प्रशासनिक मिलीभगत दिखाई दे रही है। पूरा छत्तीसगढ़ सूखे नशे से बर्बाद हो रहा है। एक तरफ किसानों के धान की खरीदी नहीं की जा रही, दूसरी तरफ अफीम की खेती हो रही है। छत्तीसगढ़ धान के कटोरे के नाम से जाना जाता है, उसे आप लोग 2047 तक अफीम का कटोरा बना देंगे। इसकी स्वतंत्र एजेंसी, सीबीआई या फिर विधायक दल की समिति बनाकर जांच करनी चाहिए।

### इसमें कांग्रेस शामिल है: चंद्राकर

नेता प्रतिपक्ष की बातों पर विधायक अजय चंद्राकर ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, मैं तो यही कहूंगा कि इसमें कांग्रेस शामिल है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री का नाम लिया। इसका असली तथ्य कहां है? यह खेती 4 साल से हो रही है और पाटन से इसकी दूरी करीब 40 किलोमीटर है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के पूर्व मंत्री के संरक्षण में यह काम हो रहा था। इसे लेकर सदन में शोर-शराबा भी हुआ। विपक्ष ने कहा, जब चंद्राकर को पता था कि 4 साल से खेती हो रही है, तो वह 2 साल तक चुप क्यों थे।

### आरोपी को सत्ता का संरक्षण: बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कलेक्टर ने विनायक ताम्रकार को अफीम की खेती करने वाला बताया था, लेकिन एफआईआर में उनके नौकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# बीयर लेबल कांड पर आबकारी विभाग का बड़ा एक्शन : मुख्य सेल्समैन बर्खास्त और ब्लैकलिस्ट, प्रबंधन को नोटिस

राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रीमियम मदिरा दुकान में बीयर के लेबल से जुड़ी धोखाधड़ी का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आबकारी विभाग ने बेहद सख्त रुख अपनाया है।



**अफीम की खेती के बाद विपक्ष को मिला शराब का मुद्दा, एक्सपायरी डेट मिटाकर बेची जा रही थी बीयर, सेल्समैन को नोटिस**

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि लापरवाही बरतने वाले मुख्य सेल्समैन को सेवा से पृथक कर ब्लैकलिस्ट किया जा रहा है, साथ ही दुकान संचालन करने वाली एजेंसी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### प्रतिबंध के बावजूद सेल्समैन ने बेची बीयर

जांच में यह तथ्य सामने आया कि सुपर स्ट्रांग 7 हिल्स बीयर की कैन पर गोल्डन प्राईड का लेबल प्रिंट होने की जानकारी विभाग को पूर्व में ही मिल गई थी। इसके चलते मुख्यालय द्वारा इस विशिष्ट बैच की बिक्री पर रोक लगाने और स्टॉक को अलग रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद प्रीमियम दुकान के मुख्य विक्रयकर्ता कैलाश देवांगन ने आदेशों की अवहेलना करते हुए प्रतिबंधित बीयर का विक्रय किया। इस गंभीर लापरवाही के लिए उसे तत्काल प्रभाव से पद से हटाकर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

### निर्माता कंपनी पर 1.50 लाख का दंड

आबकारी विभाग के अनुसार, लेबलिंग की यह गड़बड़ी प्रदेश के अन्य जिलों में भी पाई गई थी। कैन से रैपर हटाने पर उसके नीचे दूसरे ब्रांड का प्रिंट मिला, जो नियमों का उल्लंघन है। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ ने निर्माता कंपनी मेसर्स माइकल ब्रेवरीज प्राइवेट लिमिटेड पर 1 लाख रुपये की शास्ति और 50 हजार रुपये का अर्थदंड (कुल 1.50 लाख रुपये) लगाया है। विभाग ने कंपनी को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी गोदामों में रखी इस बीयर की अविक्रित पेटियों को तत्काल वापस ले जाया जाए।

### प्रबंधक राजदीप इंटरप्राइजेज को नोटिस

दुकान का प्रबंधन देख रही एजेंसी राजदीप इंटरप्राइजेज को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रबंधन को बीयर की बिक्री रोकने के निर्देश दिए गए थे, जिनका पालन न होना घोर लापरवाही है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रबंधन के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय को पत्राचार किया जाएगा।

### एक्सपायरी नहीं थी बीयर : विभाग का स्पष्टीकरण

सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बीच विभाग ने स्पष्ट किया कि जिस बीयर (7 हिल्स) का वीडियो वायरल हुआ है। उसकी निर्मित तिथि 15 अक्टूबर 2025 है और वैधता 13 अप्रैल 2026 तक है। यानी बीयर एक्सपायरी नहीं थी, लेकिन लेबलिंग में हेरफेर के कारण इसे प्रतिबंधित किया गया था। वर्तमान में जिले की सभी दुकानों में इसकी बिक्री पर पूर्णतः रोक है।

# भाजपा के थिंक टैंक सुरेश डुलानी पंचतत्व में विलीन, पार्टी ध्वज ओढ़ाकर दी गई श्रद्धांजलि







**1988 से संगठन को सींचने वाले कद्दावर नेता का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, दिग्गज नेताओं ने दिया कांधा**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कुशल संगठनकर्ता सुरेश डुलानी (67 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही शहर सहित सिंधी समाज और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। डुलानी जी को भाजपा में थिंक टैंक और चुनाव प्रबंधन का जादूगर माना जाता था। सोमवार शाम लखोली स्थित मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### संगठन के शिल्पकार और कुशल रणनीतिकार

वर्ष 1988 से भाजपा से जुड़े सुरेश डुलानी जी ने संगठन में जिला महामंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों का निर्वहन किया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, अमर अग्रवाल और बृजमोहन अग्रवाल के साथ मिलकर उन्होंने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत किया। विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में उनकी रणनीति भाजपा की जीत की गारंटी मानी जाती थी। विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को सफलता दिलाना उनकी विशेष पहचान थी। राजनीति के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी उन्होंने अमिट छाप छोड़ी। प्रतीक बिल्डर के माध्यम से उन्होंने ग्रीन सिटी और ग्रीन हाइट जैसी भव्य कॉलोनियां बसाई, जो आज राजनांदगांव की पहचान हैं। वे अपने पीछे पुत्र रवि डुलानी, भाई डॉ. मुरलीधर, राजकुमार और संजय डुलानी सहित एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक खूबचंद पारख सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनके लालबाग हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास पहुँचकर उनके पार्थिव देह पर भाजपा का ध्वज ओढ़ाया और पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम सलामी दी। शाम 5 बजे निकली उनकी अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक प्रेम प्रकाश पांडे, विनोद खांडेकर, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, अशोक शर्मा, सुरेश एच लाल, प्रदीप गांधी, रमेश पटेल, राजेंद्र गोलछा और पुरुषोत्तम गांधी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भाजपा राज में अफीम का कटोरा बन रहा छत्तीसगढ़ : इकरामुद्दीन सोलंकी

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में अफीम की अवैध खेती का मामला सामने आने के बाद सियासत गरमा गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महामंत्री इकरामुद्दीन सोलंकी ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कड़ा हमला बोला है।



**अफीम की अवैध खेती को लेकर कांग्रेस का तीखा हमला, सोलंकी ने कहा- सत्ता के संरक्षण के बिना यह संगठित अपराध मुमकिन नहीं**

उन्होंने कहा कि जिस छत्तीसगढ़ को पूरी दुनिया धान का कटोरा के नाम से जानती है, उसे भाजपा सरकार अपने कुशासन में अफीम का कटोरा बनाने की ओर धकेल रही है। सोलंकी ने कहा कि 2023 में भाजपा सरकार के आने के बाद से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों-अरबों रुपये का नशे का यह काला कारोबार प्रशासन की गंभीर लापरवाही का नतीजा है। सोलंकी ने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती कोई एक-दो दिन का काम नहीं है। यह एक संगठित अपराध है। क्या यही भाजपा का तथाकथित सुशासन है कि प्रदेश में खुलेआम नशे की खेती हो रही है।

### सत्ता के संरक्षण का आरोप

कांग्रेस महामंत्री ने इस अवैध कारोबार के पीछे सत्ता के संरक्षण की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में नशीले पदार्थ बाहरी राज्यों से आने की खबरें मिलती थीं, लेकिन अब छत्तीसगढ़ की धरती पर ही अफीम पैदा की जा रही है, जो बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। सोलंकी ने इसे प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेलने की एक गहरी साजिश करार दिया। इकरामुद्दीन सोलंकी ने सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस अवैध धंधे में शामिल असली चेहरों को बेनकाब कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि छत्तीसगढ़ के माथे पर लगा यह कलंक मिट सके और युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे।

# श्रीश्यामकुटी में उल्लास : 55 वर्षों की परंपरा के साथ मनी बरजोरी रे रसिया की होली





राजनांदगांव (दावा)। आज श्यामकुटी में होली रे रसिया, होली रे रसिया बरजोरी रे रसिया इस भजन के साथ अन्य होली के भजनों व फाग के साथ 'होली है भई होली है श्रीश्यामकुटी की होली है' कि धुन पर जमकर थिरकते व होली मनाते श्रीदासीश्याम मंडल के श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। सुबह 7.30 बजे श्रीश्यामप्रभु की आरती के पश्चात 8 से 12 बजे तक झांझ, मंजिरा, हारमोनियम, धोलक, तबला, डपली और नगाड़े के साथ श्री श्याम कुटी में होली खेली गई होली के बाद चाय की प्रसादी, भोजन प्रसादी और शाम 5 बजे बादाम की टंडाई का वितरण किया गया। उत्सव एवं 4 मार्च की होली के डले भक्तों के कपड़ों पर आज भी खुशबू से महक रहा है। श्री श्यामकुटी परिवार ऐसी होली गत 55 वर्षों से अपने प्यारे श्रीदासीश्याम प्रभु के साथ खेलते आ रहे है और प्रसादी का भरपूर लुप्त भी उठाते आ रहे है। कुछ वर्षों पश्चात श्री श्यामप्रभु के स्थापना के 75 वर्ष तथा श्रीसद्गुरू मां के जयंती के 50 वर्ष होने की इंतजार के साथ-साथ स्वर्ण व हिरक जयंती एक साथ मनाने की रूपरेखा भी बनने लगी है। जिसके अतंर्गत पूरे शहर के साज सज्जा कि जाएगी। जिसमें विशेष रूप से पूरा रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन व रामाधीन व कामठी लाईन को जोड़ने वाली श्रीश्याम गली के साथ-साथ शहर के सभी प्रवेश द्वार जैसे रायपुर नाका, नागपुर नाका, खैरागढ़ चिखली चौक डोंगरगांव, बसंतपुर चौक मोहारा नदई चौक में भव्य प्रवेश स्वागत द्वार बनाया जावेगा। वैसे तो श्री श्यामकुटी के श्रद्धालुओं को दरबार में होने वाले प्रत्येक उत्सव का बड़ी बेताबी से इंतजार रहता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए शीला कोठारी, रत्ना ओसवाल और अंजली ओसवाल का अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्कारधानी राजनांदगांव में सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति महिलाओं का सम्मान किया गया। शहर की वरिष्ठ समाजसेवी बहनों ने एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिष्ठित महिलाओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती शीला कोठारी, श्रीमती रत्ना ओसवाल एवं श्रीमती अंजली ओसवाल के द्वारा समाज के प्रति किए गए निस्वार्थ और उल्लेखनीय सेवा कार्यों को याद किया गया। उपस्थित समाजसेवियों ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया और उनके योगदान को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी प्रेरणा बताया। इस सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से समाजसेवी शारदा तिवारी, डॉ. रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू एवं मणि भास्कर गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने सम्मानित होने वाली विभूतियों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी महिलाओं का सम्मान करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है, जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

## देवेन्द्र नाथ साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बसंतपुर निवासी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी डीएन साहू (देवेन्द्र नाथ साहू) का रायपुर में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार आज 10 मार्च की दोपहर उनके पैतृक ग्राम जंगलपुर में किया जाएगा। स्व. साहू गायत्री परिवार के प्रमुख सदस्य, पेंशनर्स एसोसिसशन के पूर्व जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ नागरिक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष तथा कर्मा विद्या मंदिर के संस्थापक, प्रगतिशील कृषक तथा योग प्रशिक्षक भी थे। वे अपने पीछे पुत्र जितेंद्र साहू, जितेश्वर साहू, पुत्री तारा साहू और नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गये।

## श्रीमती शैल देवी शर्मा का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय एक बत्ती पांच रास्ता चौंक निवासी सेवानिवृत शिक्षक मुनेश्वर प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी 73 वर्षीय श्रीमती शैल देवी शर्मा का सोमवार की शाम अचानक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 मार्च मंगलवार को प्रातः 10 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी नरोत्तम शर्मा एवं पंडित अशोक शर्मा की भाभी थी। श्रीमती शर्मा अपने पीछे तीन पुत्रों एवं पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# कलेक्टर का ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण : पटवारियों को अल्टीमेटम– 24 घंटे में सुधारें राजस्व रिकॉर्ड



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने नायब तहसीलदार कार्यालय तुमड़ीबोड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील में दर्ज सभी राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिए। कलेक्टर ने पूर्व में आदेश पारित प्रकरणों का अवलोकन किया तथा ई-कोर्ट एवं भुइयां पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पटवारी को दूरभाष के माध्यम से आदेश पारित होने के एक दिवस के भीतर राजस्व अभिलेखों में रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार को सभी पटवारियों से समय पर पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरणों का नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील क्षेत्र में दर्ज सभी समय-सीमा बाह्य सीमांकन प्रकरणों का निराकरण आगामी दो दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में घायल अज्ञात व्यक्ति ने दम तोड़ा, शिनाख्त के लिए लालबाग पुलिस ने जारी की अपील



**पेंड्री पेट्रोल पंप के पास 3 मार्च को हुआ था हादसा, मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हुई मौत**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेंड्री पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति की सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान स्थापित करने और उसके परिजनों की खोजबीन में जुटी हुई है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 3 मार्च को एक अज्ञात पुरुष (उम्र करीब 50 वर्ष) पेंड्री पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। अज्ञात वाहन की टक्कर से वह अचेत अवस्था में मिला था। जिसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी।

### अस्पताल में हुई मृत्यु

दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण घायल व्यक्ति की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। सोमवार, 9 मार्च को उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा काफी प्रयास किए जाने के बावजूद अब तक मृतक के नाम, पते या उसके वारिसों के संबंध में कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। थाना प्रभारी ने जिले एवं आसपास के सभी थानों और आम जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी भी चौकी या थाने में इस आयु वर्ग (लगभग 50 वर्ष) के किसी व्यक्ति की गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज हो, या किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तत्काल थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव को सूचित करने का कष्ट करें।

---

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार हिन्दु विवाह, जिला-पांढुर्णा (म.प्र)**

क्रमांक / 752 प्रस्तु/कले./वि.अधि./2026
पांढुर्णा, दिनांक 4/01/2026

**सार्वजनिक-सूचना**

[ नियम 6 के अंतर्गत ]

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शिवाजी पिता स्वं. भगवानदास लिमजे उम्र 51 वर्ष निवासी एच.आई.जी. 44 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कौरीनभाटा तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं रंजना पिता स्वं. श्री नत्थुजी बेन्डे उम्र 41 वर्ष निवासी सौसर तहसील सौसर जिला पांढुर्णा (म0प्र0) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 5 के अंतर्गत प्रारूप एक आवेदन (जिसकी प्रति संलग्न है) अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पर विचार करने के लिये तारीख 18/3/2026 नियत की गई है। उक्त सूचना की एक प्रति इस इश्तेहार के साथ संलग्न प्रेषित प्रकरण की सुनवाई दिनांक /2026 नियत है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/जनसाधारण को आवेदकगणों के विवाह में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति स्वयं व अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष नियत सुनवाई दिनांक 18/3/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा। आज दिनांक 25/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालीन पदमुद्रा

अपर कलेक्टर
एवं विवाह रजिस्ट्रार अधिकारी
जिला-पांढुर्णा (म.प्र.)

---

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव जिला-राजनांदगाँव**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दीपारानी ठाकुर पति श्री संतोष सिंह राजपूत निवासी ग्राम घुमका तहसील घुमका जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम चिखली, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 229/63 का दु. रकबा 0.0150 हे. भूमि के राजस्व अभिलेख ऑनलाईन अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर अनावेदकगणो का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर आवेदिका के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 10/03/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 24/02/2026
पेशी दिनांक - 10/03/2026

तहसीलदार
राजनांदगांव

---

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **प्रभा सिन्हा पति भागचंद सिन्हा** जाति-कलार निवासी ग्राम- मकान नं.62 वार्ड नं. 08 थैलीटोला, तह. अं.चौकी जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी छग पिन नं. 491668 का निवासी हूं। मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड, जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान में **चंद्रप्रभा सिन्हा** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं, परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **प्रभा सिन्हा** अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलियें आधार कार्ड में **चंद्रप्रभा सिन्हा** अंकित है, उसे सुधार करवाकर **प्रभा सिन्हा** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईस्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अत एव ईस्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान - अं. चौकी
दिनांक-09-03-2026

आवेदिका
प्रभा सिन्हा
निवासी ग्राम थैलीटोला,
तह.-अं.चौकी जिला मो.मा.अं.चौकी

---

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **धनुष कुमार साहू आ. भगवानी राम साहू** जाति-तेली निवासी ग्राम-कोटरा पोस्ट-बांधाबाजार तह. अं.चौकी जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी छ.ग. पिन नं. 491665 का निवासी हूं। मेरे स्वंय के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड, जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान में **धनसु कुमार** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं, परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **धनुष कुमार साहू** अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलियें आधार कार्ड में **धनसु कुमार** अंकित है, उसे सुधार करवाकर **धनुष कुमार साहू** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईस्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अत एव ईस्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान - अं.चौकी
दिनांक -09-03-2026

आवेदक
धनुष कुमार साहू
निवासी ग्राम-कोटरा
तह. अं.चौकी जिला मो.मा.अं.चौकी

---

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक भरतलाल पिता शंकर लाल जाति-तेली निवासी आतरगांव मकान नं. 197 वार्ड नं.11 तह. अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी छ.ग. पिन नं. 491665 का निवासी हूं। मेरे स्वंय के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड, जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान में **Bharalal Sahu** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं, परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **BHRAT LAL** अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलियें आधार कार्ड में **Bharalal Sahu** अंकित है, उसे सुधार करवाकर **BHRAT LAL** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईस्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अत एव ईस्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान - अं.चौकी
दिनांक-09-03-2026

आवेदक
भरत लाल
निवासी ग्राम-आतरगांव
तह. अं.चौकी जिला मो.मा.अं.चौकी

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव, (छ ग)**

**ईश्तहार**

क्र./468/अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 18/02/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल साहू पिता कंगलू राम साहू, निवासी ग्राम कलेवा, तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कलेवा, पटवारी हल्का नंबर 04. खसरा नंबर 322/4 रकबा 0.2060 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27/02/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगाव

---

**शुभांक**

हृाहृाबी. के
1-5-9
890-7 127-0
राजधानी
4-6-7
236-1 240-6

अनुमानित

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अविनाश कुमार ब्राम्हणकर (**AVINASH KUMAR BRAMHANKAR**) **S/O** श्री सीताराम ब्राम्हणकर ( **SITARAM BRAMHANKAR**) एवं अविनाश कुमार (**AVINASH KUMAR**) **S/O** श्री सीताराम ( **SITARAM**) निवास स्थान - **KALKAPARA WARD NO 8 DONGARGARH DIST-RAJNANDGAON** का निवासी हूं। यह में शपथ करता हूँ कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अविनाश ब्राम्हणकर (**AVINASH BRAMHANKAR**) **S/O** श्री सीताराम ब्राम्हणकर (**SITARAM BRAMHANKAR**) रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशाकीय व अन्य सभी दस्तावेजो मे मेरा नये नाम अविनाश ब्राम्हणकर (**AVINASH BRAMHANKAR**) **S/O** श्री सीताराम ब्राम्हणकर (**SITARAM BRAMHANKAR**) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

AVINASH BRAMHANKAR
KALKAPARA WARD NO 8
DONGARGARH PIN 491445
DIST-RAINANDGAON (C.G.)






# होली के बाद सूर्य के तेवर तीखे : 38 डिग्री के साथ राजनांदगांव प्रदेश में सबसे गर्म, मटकों की मांग बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। रंगों का पर्व होली मनाते ही अंचल में मौसम के मिजाज में अचानक बड़ा बदलाव आया है। फाल्गुन की विदाई और चैत्र की आहट के साथ ही सूर्य की तपिश उफान पर है। आलम यह है कि रविवार को 38 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राजनांदगांव प्रदेश का सबसे गर्म जिला दर्ज किया गया। मार्च की शुरुआत में ही मई जैसी भीषण गर्मी ने लोगों को हलाकान करना शुरू कर दिया है। जिसका सीधा असर जनजीवन और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। भीषण गर्मी की आहट पाते ही शहर के चौक-चौराहों पर मिट्टी के घड़ों और मटकों का बाजार सज गया है।

गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, पुराना गंज चौक और नंदई क्षेत्र में कुम्हारों के पसरे नजर आने लगे हैं। मटका व्यवसायियों के अनुसार, डोंगरगांव और भर्रेगांव से मिट्टी के बर्तनों की नई खेप पहुंच रही है। बाजार में नल वाले घड़े 210 रुपये और बिना नल वाले सामान्य घड़े 180 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं छोटे मटके 100 रुपये के आसपास उपलब्ध हैं। लोग अब स्टील और प्लास्टिक की बोतलों के बजाय मिट्टी के बर्तनों में रुचि दिखा रहे हैं।



**मार्च में ही अहसास होने लगा मई जैसी तपन का; 40 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, मिट्टी के फ्रिज से बुझ रही प्यास**

### दोपहर में सन्नाटा, शीतल पेयों की बी बिक्री

बढ़ती गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। धूप से बचने के लिए लोग चेहरे को ढंककर निकल रहे हैं। बाजार में दही-लस्सी, मठा, नींबू शरबत और गन्ने के रस की दुकानें सक्रिय हो गई हैं। गर्मी के कारण बार-बार गला सूखने से ठंडे पेय पदार्थों और कोल्ड ड्रिंक्स की मांग में भारी उछाल आया है।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में दो मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं। ओडिशा के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, वहीं एक द्रोणिका उत्तर छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश तक फैली है।

इन प्रणालियों के कारण हवा शुष्क है और नमी गायब है। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे पारा जल्द ही 40 डिग्री को पार कर सकता है। अचानक बड़ी गर्मी के कारण वायरल बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों ने पर्याप्त पानी पीने और धूप में कम निकलने की सलाह दी है।

# आज से सिंघोला में दो दिवसीय सतगुरु कबीर संत समागम, उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के समीपस्थ धर्म नगरी सिंघोला में आगामी 10 एवं 11 मार्च को भव्य सतगुरु कबीर संत समागम समारोह का आयोजन किया जा रहा है। माँ भानेश्वरी देवी धाम सिंघोला के पावन सान्निध्य में होने वाले इस दो दिवसीय आध्यात्मिक समागम में देश के ख्याति प्राप्त संतों का संगम होगा। जिला साहू संघ और आयोजन समिति द्वारा इस महोत्सव की व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

इस गरिमामय समारोह के मुख्य आकर्षण श्वेतांबरधारी, फागपूज्या हुजूर उदितमुनिनाम साहेब (प्रवर्तक एस.के.डी.वी. मिशन एवं सोलहवें वंश प्रतापाचार्य) होंगे। उनके दिव्य आशीर्वचन और सत्संग से श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयोजन समिति के अनुसार, संतों के स्वागत के लिए समूचे क्षेत्र में भारी उत्साह है और उनके दर्शन हेतु दूर-दराज से अनुयायियों के पहुंचने की संभावना है।

### विविध धार्मिक अनुष्ठानों का होगा संगम

सिंघोला के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भक्ति और ज्ञान की गंगा बहेगी। महोत्सव के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित अनुष्ठान संपन्न होंगे। जिसमें संतों द्वारा कबीर दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। लोक कल्याण की भावना से यज्ञ संपन्न होगा। पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार पूजन। श्रद्धालुओं को जीवन जीने की नई दिशा प्राप्त होगी। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं महामंत्री नीलमणी साहू ने संयुक्त रूप से समाजजनों और धर्मप्रेमी जनता से इस कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सद्भाव, सदाचार और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। आयोजन समिति ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठक, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है।

# ममता बनर्जी की टिप्पणी पर भड़के भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल, कहा- राष्ट्रपति का अपमान बर्दाश्त नहीं



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रति की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी पर तीखा प्रहार किया है। श्री राजपूत ने इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बताया है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक होती हैं और उनके पद की गरिमा सर्वोपरि है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महामहिम द्रौपदी मुर्मू न केवल देश की राष्ट्रपति हैं, बल्कि वे समूचे आदिवासी समाज की गौरवशाली प्रतिनिधि भी हैं। उनके प्रति इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग करना न केवल पद का अपमान है, बल्कि यह पूरे देश और विशेषकर आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है।

कोमल सिंह राजपूत ने ममता बनर्जी के आचरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं के प्रति न्यूनतम सम्मान बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि की बुनियादी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के पतन को दर्शाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट लहजे में कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और उसकी संस्थाओं की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। ऐसी अभद्र टिप्पणियों को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की है कि ममता बनर्जी को अपने इस कृत्य के लिए देश की जनता और महामहिम राष्ट्रपति से सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

# महिला दिवस पर मुख्यमंत्री साय की बड़ी सौगात : महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त जारी

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिए संचालित महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त जारी किए जाने पर जिले की महिला जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। महिला जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की सह संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव गीता घासी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो रही हैं।



उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 25वीं किस्त जारी करना प्रदेश की माताओं और बहनों के सम्मान का प्रतीक है। महिला मंच सिन्हा समाज की जिलाध्यक्ष निर्मला जीतेन्द्र सिन्हा ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के लिए एक सराहनीय और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहयोग मिल रहा है। जिससे उनके जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है। राजनांदगांव जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक योजना है। जिसने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे समाज तथा परिवार में अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूती के साथ निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 25वीं किस्त जारी कर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिलाओं को विशेष सम्मान दिया है। जनपद पंचायत सभापति पूर्णिमा कृष्णा साहू ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद और विश्वास लेकर आई है। इससे महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिलने के साथ-साथ उनका सामाजिक सम्मान भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अंत में सभी महिला जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर सामने आई है और इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार भविष्य में भी महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए इसी प्रकार की जनहितकारी योजनाएं संचालित करती रहेगी।

# बागेश्वर धाम में नारी शक्ति का अनूठा सम्मान : तृतीय लिंग सहित 9 क्षेत्रों की प्रतिभाएं हुई सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय धार्मिक एवं सेवाभावी संस्था श्री बागेश्वर धाम मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट एवं महिला मंडल द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली मातृशक्ति का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (आईपीएस), वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती करुणा मधुसूदन यादव एवं अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी रहीं।





**पुष्प वर्षा के साथ मनाई गई रंगपंचमी, आईपीएस वैशाली जैन और करुणा मधुसूदन यादव रहीं मुख्य अतिथि**

### विविध क्षेत्रों की 9 शक्तियों का वंदन

समारोह की सबसे खास बात समाज के हर वर्ग को सम्मान देना रही। कार्यक्रम में नौ अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें तृतीय लिंग समुदाय से नगीना एवं उनके साथियों का विशेष सम्मान, चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. सुरभि मोहबे (एमबीबीएस, एमडी), पुलिस व खेल से श्रीमती अंजू सिंह (प्रधान आरक्षक, महिला थाना), शिक्षा से श्रीमती फुलेश्वरी वैष्णव (पूर्व प्रधान पाठक), स्वरोजगार (विकलांग) क्षेत्र से श्रीमती लक्ष्मी निर्मलकर, समाजसेविका श्रीमती पूर्णिमा साहू, स्वच्छता से श्रीमती प्रतिभा सोनकर एवं सफाई मित्र, स्वास्थ्य सेवा से मितानिन प्रमुख श्रीमती देवकी वर्मा एवं उनकी टीम, ई-रिक्शा चालक श्रीमती शोमना मेश्राम एवं धर्म सेवा से श्रीमती यशोदा गुप्ता आदि का सम्मान किया गया।

### फूलों की होली और खेल प्रतियोगिता

रंगपंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर में गुलाल के स्थान पर फूलों की होली खेली गई। महिला मंडल द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को अतिथियों द्वारा उपहार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि वैशाली जैन ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर समाज की अग्रिम पंक्ति में खुद को स्थापित करें। आयोजन में शहर के लगभग सभी प्रमुख महिला मंडलों की भागीदारी रही। इसमें कस्तूरबा महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, खंडेलवाल सखी सहेली मंच, राजपूत, सनातन धर्म, गौड़ ब्राह्मण, कसौधन वैश्य, अग्रहरि वैश्य, माहेश्वरी, गुजराती और बंग समाज की महिला प्रतिनिधि विशेष रूप से शामिल हुई। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, मोना गोसाई और मधु खंडेलवाल ने दी। स्वागत भाषण मोना गोसाई ने दिया, जबकि मंच संचालन प्रज्ञा गुप्ता द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संगीता शुक्ला, मौसमी शर्मा, प्रेमा सोनकर, लता महोबिया सहित बागेश्वर धाम महिला मंडल की सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। अंत में ठंडई प्रसादी और स्वल्पाहार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन प्रेमा सोनकर एवं मधु खंडेलवाल ने किया।

# कान्यकुब्ज समाज का होली मिलन : बैसवारी फाग की धुन पर जमकर थिरके विप्रजन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह रविवार को पारंपरिक उल्लास और भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। ढोल-मंजीरे की थाप और बैसवारी फाग के सुरीले गायन ने पूरे वातावरण को फागुनी रंग में सराबोर कर दिया।



इस अवसर पर राजनांदगांव शहर सहित बांधाबाजार और अंबागढ़ चौकी से बड़ी संख्या में विप्रजन अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अरुण शंकर दीक्षित, प्रकाश शुक्ला, प्रो. आर.पी. दीक्षित, प्रदीप मिश्रा, अध्यक्ष करुणा शंकर तिवारी, उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, सचिव अजय शुक्ला एवं उमाकांत बाजपेयी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात विप्रजनों की टोली ने संयुक्त रूप से बैसवारी फाग की धुन छेड़ी, जो देर शाम तक गूंजती रही।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति का हुआ सम्मान, राजनांदगांव सहित अंबागढ़ चौकी व बांधा बाजार के विप्रजन हुए शामिल**

### महिला दिवस पर विशेष सम्मान

संयोगवश होली मिलन का यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की गौरव कही जाने वाली उपस्थित सभी महिलाओं को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। जिससे आयोजन में दोहरी खुशी का संचार हुआ। समारोह में प्रमुख रूप से जगदीश मिश्रा, अखिलेश तिवारी, कार्तिकेय मिश्रा, डॉ. आलोक मिश्रा, दिनेश अवस्थी, शैलेष शुक्ला, विवेक शुक्ला, विकास शुक्ला, प्रभात बाजपेई, अशोक मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा, ओंकार दीक्षित सहित बांधा बाजार से उमाकांत बाजपेयी, अवधेश शुक्ला और अंबागढ़ चौकी से अरुण शुक्ला, सुधीर शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वहीं महिला शक्ति में श्रीमती आमोद दीक्षित, किरण दीक्षित, गीता तिवारी, संध्या त्रिवेदी, डॉ. नीलम तिवारी, शक्ति मिश्रा, विनिता मिश्रा, निर्मला शुक्ला, अर्चना पाण्डे सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# अग्रसेन भवन में फाग गीतों की गूंज : फूलों की होली और भजनों से सराबोर हुआ अग्रवाल समाज

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय अग्रसेन भवन में शनिवार 7 मार्च को अग्रवाल सभा द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर भव्य होली मिलन एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति, उत्साह और सामाजिक समरसता के इस त्रिवेणी संगम में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, नवयुवकों और बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। पारंपरिक फाग गीतों के साथ खेली गई फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सचिव आलोक बिंदल व कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल द्वारा कुलपिता भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध गायक अभिषेक तंवर एवं राहुल शर्मा ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। भजनों की धुन पर समाज के युवा और बुजुर्ग झूमते नजर आए।

**रंग पंचमी पर आयोजित भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब, समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प**

### वरिष्ठजनों और मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति

समारोह में समाज के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल, सुशील पसारी, सुशील अग्रवाल सहित वरिष्ठजन विष्णु प्रसाद लोहिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल एवं विनोद लोहिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू खोखरिया, रीना अग्रवाल, रेखा अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सूरज अग्रवाल, चैतन्य अग्रवाल सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सचिव आलोक बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधना है। समाज के प्रबुद्धजनों ने इस सफल आयोजन के लिए अग्रवाल सभा, महिला मंडल और नवयुवक मंडल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित होते रहने चाहिए। जिससे नई पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ी रहे।

# आज उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ का होली मिलन समारोह, बागेश्वर मंदिर में सजेगी फूलों की होली

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार राजनांदगांव द्वारा रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन आज 10 मार्च (मंगलवार) को किया जा रहा है। जी.ई. रोड स्थित श्री बागेश्वर मंदिर परिसर में होने वाला यह कार्यक्रम शाम 4 से 6 बजे तक पूर्ण हर्षोल्लास और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जाएगा।

**अग्रहरि, कसौधन, गहोई समेत संघ के सभी घटक समाज होंगे शामिल, शाम 4 बजे से शुरू होगा उत्सव**


संघ के अध्यक्ष श्री राजेश गुप्ता एवं मंत्री श्री शैलेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गरिमामय आयोजन में संघ परिवार के अंतर्गत आने वाले सभी घटक समाज–श्री अग्रहरि वैश्य समाज, श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज, श्री कसौधन वैश्य समाज, श्री दोसर वैश्य समाज, श्री गहोई वैश्य समाज एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज के सदस्य सामूहिक रूप से शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज की विभिन्न शाखाओं के बीच आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करना है। समारोह के दौरान सामाजिक बंधु एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं देंगे। संघ के पदाधिकारियों ने समस्त सामाजिक बंधुओं से सपरिवार अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का विनम्र निवेदन किया है।

# दिव्यांगों को मिलेंगे निःशुल्क सहायक उपकरण, 10 से 13 मार्च तक चार विकासखंडों में लगेंगे शिविर

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु विकासखंडों में 10 मार्च से 13 मार्च तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 10 मार्च को जनपद पंचायत भवन डोंगरगांव, 11 मार्च को मण्डी परिसर डोंगरगढ़, 12 मार्च को गांधी सभागृह राजनांदगांव एवं 13 मार्च को जनपद पंचायत छुरिया सामुदायिक भवन में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक समाज कल्याण सुश्री वैशाली मरडवार ने बताया कि मूल्यांकन शिविर के माध्यम से 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हील चेयर चाईल्ड व एडल्ट, क्रेजेश एल्ब्रो, चार प्रकार की बैसाखी, वाकिंग स्टीक एडजेस्टेबल, ब्रेल केन फोल्डिग, ब्रेल किट, रोलेटर, श्रवण यंत्र, सीपीचेयर, शेल फोन, सुगम्य केन, जाय स्टीक व्हील चेयर, टीएलएम कीट 16 कैलीपर्स व कृत्रिम अंग सहित अन्य प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हांकन किया जायेगा। विशेषज्ञों के मूल्याकन अनुसार दिव्यांगता के अनुरूप लगने वाली उपकरण शीघ्र ही उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में आवेदकों को 22500 रूपए प्रतिमाह से कम का आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवास प्रमाण पत्र, यूडीआईडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मोबाईल नंबर प्रस्तुत करना होगा। उप संचालक समाज कल्याण सुश्री वैशाली मरडवार ने पात्र दिव्यांगजनों एवं उनके पालकों को संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्र में आयोजित मूल्यांकन शिविर में शामिल हो कर परीक्षण कराने की अपील की है।

## टी20 विश्वकप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर श्रीमती गीता घासी साहू ने दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत द्वारा विश्व कप का खिताब जीतने पर पूरे देश में उत्साह और गौरव का माहौल है। इस ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की सहसंयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती गीता घासी साहू ने टीम इंडिया को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती गीता घासी साहू ने अपने संदेश में कहा कि टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने जिस जोश, आत्मविश्वास और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। भारतीय खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और टीम भावना के कारण ही भारत ने एक बार फिर विश्व मंच पर अपना परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत टी20 विश्वकप का खिताब तीन बार जीतने वाला पहला देश बन गया है, जो हर भारतीय के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। टीम इंडिया की इस उपलब्धि ने देश के करोड़ों खेलप्रेमियों का दिल जीत लिया है।

## अनमोल दावा

**अक्सर वे लोग खामोश रहते हैं, जिनके हुनर बोलते हैं।**

# नए नेपाल के निर्माण का जनादेश

नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा चुका है। आम चुनावों के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) देश की पहली लगभग पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने जा रही है। इस जीत के नायक 35 वर्षीय बालेंद्र शाह उर्फ बालेन हैं, जिनका प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

नेपाल में इस राजनीतिक बदलाव की नींव सितंबर 2025 में जेन-जी युवा आंदोलन ने रखी थी। नेपाल के राजनीतिक इतिहास में, जहां हर वर्ष दर्जनों नए दल बनते और मिटते हैं, जहां नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-एमाले और माओवादी केंद्र जैसे दशकों पुराने पारंपरिक दलों का एकछत्र वर्चस्व रहा है, जहां शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और गगन थापा जैसे दिग्गजों ने लंबे समय तक सत्ता की धुरी को नियंत्रण में रखा, जहां राजनीति सदैव पहाड़ बनाम मधेश, धार्मिक ध्रुवीकरण और नृजातीय समीकरणों के तराजू में तौली जाती रही है। ऐसे जटिल परिवेश में जिस दल की स्थापना महज चार वर्ष पूर्व हुई हो, उसकी ऐसी अभूतपूर्व चुनावी जीत कल्पना से परे थी।

इस चुनावी सुनामी के पीछे दो प्रमुख कारण दिखते हैं। पहला, नए नेपाल की परिकल्पना का मूल आधार एक ऐसे राष्ट्र की स्थापना था, जो भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से मुक्त हो। इस यात्रा की औपचारिक शुरुआत वर्ष 2008 में राजशाही के अंत और लोकतंत्र की स्थापना के साथ हुई। माना गया था कि सैकड़ों वर्षों के राजतंत्र, जिसमें सत्ता दरबार के वफादारों तक सीमित थी और जनता का एक बड़ा वर्ग हाशिये पर था, उसका अंत लोकतांत्रिक व्यवस्था से होगा।

विडंबना यह रही कि 2008 के बाद जो भी राजनीतिक दल उभरे, उनकी कार्यशैली और जड़ें पुरानी व्यवस्था से ही प्रभावित थीं। यद्यपि माओवादी दलों पर भी सत्ता की लोलुपता हावी रही। परिणामस्वरूप लोकतंत्र आने के बावजूद आम जनता को कोई वास्तविक राहत नहीं मिल सकी। नेपाल के पिछले 18 वर्षों के लोकतांत्रिक यात्रा में चार आम चुनावों के दौरान देश ने एक दर्जन से अधिक प्रधानमंत्री और दर्जनों उप-प्रधानमंत्री बदलते देखे हैं।

राजनीतिक उठापटक के कारण कोई भी सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। इस अनिश्चितता के बीच जनता ने आरएसपी को पूर्ण बहुमत देकर न केवल राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त किया है, बल्कि गठबंधन की मजबूरियों वाली राजनीति का भी अंत कर दिया है। चूंकि आरएसपी का कोई विवादास्पद पुराना इतिहास नहीं था, इसलिए जनता ने बालेन शाह के नेतृत्व पर अटूट भरोसा जताया। दूसरा, आरएसपी की जीत का श्रेय नेपाल के युवाओं को भी जाता है, जिन्होंने बालेन शाह को एक नए नेपाल के उद्भव का महत्वपूर्ण कारक माना। बालेन पेशे से इंजीनियर रहे हैं और बाद में रैप संगीत की दुनिया में उतरे। अपने संगीत के माध्यम से उन्होंने ऐसे सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को उठाया, जिनसे न केवल युवा, बल्कि आम जनता भी जुड़ पाई। यही कारण था कि जब उन्होंने 2022 में काठमांडू के मेयर का चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा तो उन्हें भारी जीत मिली। देश को बालेन के रूप में एक नया नेता तो मिल गया था, लेकिन किसी राजनीतिक दल के समर्थन के बिना राष्ट्रीय राजनीति के शीर्ष तक पहुंचना आसान नहीं था।

पुराने दलों को कमजोर किए बिना यह संभव भी नहीं था और यही काम जेन जी आंदोलन ने किया। हालांकि युवाओं ने बालेन को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का न्योता दिया था, लेकिन उसकी अवधि केवल छह महीने की थी, जबकि बालेन का सपना पांच वर्षों और उससे आगे की राजनीति का था। ऐसे में उन्होंने अंतरिम नेतृत्व स्वीकार करने के बजाय चुनावी रास्ता चुना और उसमें विजयी हुए। आरएसपी पत्रकार से राजनेता बने रबी लामिछाने के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ी, जो अपने पहले ही चुनाव में 2022 में 20 सीटों के साथ एक वैकल्पिक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी थी। आरएसपी के पास युवाओं की मजबूत अपील है, लेकिन बालेन जैसे लोकप्रिय नेता के जुड़ जाने से पार्टी को और अधिक मजबूती मिली और अब उसके परिणाम भी सामने हैं। अब जब आरएसपी के पास जनमत है और बालेन शाह जैसे लोकप्रिय युवा नेता तो सवाल उठता है कि क्या वे देश चलाने में मजबूत साबित होंगे? क्योंकि लोकप्रिय होना एक बात है, लेकिन देश के विकास और हितों को ध्यान में रखते हुए नीतियों का निर्माण करना, मजबूत विदेश नीति बनाना और सत्ता की शक्ति से परे देश का शांतिपूर्ण संचालन करना बिल्कुल अलग बात है। बालेन शाह लोकप्रिय नेता हैं। काठमांडू के मेयर के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उन पर कई बार नियमों की अनदेखी के आरोप भी लगते रहे हैं। ऐसे में यदि प्रधानमंत्री के पद पर भी उनकी कार्यशैली वैसी ही रही तो इससे देश में नीतिगत स्थिरता प्रभावित हो सकती है और जनता की शिकायतों का कारण भी बन सकती है। आने वाले सौ दिनों में सरकार की कार्यप्रणाली काफी हद तक स्पष्ट हो जाएगी। हालांकि संभावनाओं और आशंकाओं से परे नेपाली जनादेश प्रशंसनीय है। अपने मताधिकार का प्रयोग कर जनता ने लोकतंत्र को नया आयाम दिया है। लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता और गठबंधन की खींचतान की समाप्ति के संकेत दिए हैं। देश में समय-समय पर उठने वाले राजशाही की वापसी जैसे मुद्दों को भी यह जनादेश काफी हद तक विराम देता दिखाई देता है।

# चंदैनी-गोंदा के नृत्य प्रवीण परी नर्तक सुकलाल

**आत्मराम कोशा**



**छत्तीसगढ़ की लोक जागरणी संस्था चंदैनी-गोंदा का कला नगरी डोंगरगांव के साथ शुरू से जुड़ाव रहा है। जब चंदैनी-गोंदा के सर्जक दाऊ रामचंद्र देशमुख निकटस्थ ग्राम पिनकापार में रहते थे तो देहाती कला मंडल के माध्यम से यहां कलाकारो का समागम हुआ करता था। जब वे यहां से बघेरा दुर्ग जाकर लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी-गोंदा संचालन करना शुरू किया तो इसमें काम करने वाले ज्यादातर लोक कलाकार डोंगरगांव क्षेत्र के ही हुआ करते थे। चाहे वह खुर्सीटिकुल का हारमोनियम वादक खुमान लाल साव हो या आमगांव का तबला वादक महेश ठाकुर हो। उस जमाने में चंदैनी-गोंदा के मंच पर नृत्य करने के लिए कोई लड़कियां नहीं मिलती थीं ।ऐसे समय में डोंगरगांव के मोहन यादव , सुकलाल जैसे नृत्य प्रवीण कलाकार चंदैनी-गोंदा के मंच पर अपने नृत्य प्रदर्शनों से जलवा बिखेरा करते थे। हालांकि उस जमाने में डोंगरगांव नवांगाव नाचा पार्टी के जगन्नाथ, रामदयाल, भरोसा, मुकुंदी व मोहन, सुकलाल आदि चंदैनी-गोंदा के अंग बन चुके थे लेकिन मोहन और सुखलाल अपने नृत्य प्रदर्शनों को माध्यम से अपना विशेष जगह बनाए हुए थे।**







## छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में अपने नृत्य के गाड़े झंडे

नाचा के नृत्य प्रवीण सुकलाल, दाऊ रामचंद्र देशमुख जी के खास कृपा पात्र बने हुए थे। जब दाऊ जी ने उससे संत कवि पवन दीवान के गीत -तोर धरती , तोर माटी ये,, भैया पर अंग संचालन के लिए कहा तो उन्होंने ठेठ देशी अंदाज में पैर आगे पीछे कर झूलते हुए मुद्रा में नृत्य का स्टेप कर दिखाया तो दाऊ जी बड़े प्रभावित हुए और उक्त गीत के समूह नृत्य में सभी कला कारों को ऐसा ही करने को कहा। सुकलाल चंदैनी-गोंदा की गायिका अनुराग ठाकुर और शैलजा ठाकुर के साथ मंच पर निकल कर अपने नृत्य का प्रदर्शन करते तो एक जलवा सा छा जाता।

### नाचा में ड्यूएड नृत्य के बिखेरे आकर्षण

सन् 1960 -70 के दशक मे लोगों में फिल्मों का खुमार छाया हुआ था। उस जमाने में चंदैनी-गोंदा के उद्भव के प्रयास होने लगे थे। इस दौर में नाच का अच्छा क्रेज हुआ करता था। नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी के रिगनी - रवेली पार्टी की धूम हुआ करती थी। उसके देखा- सिखी अन्य नाच पार्टियां भी सामने आने लगी। डोंगरगांव के नजदीक ग्राम नवागांव में सुप्रसिद्ध नाचा कलाकार मदन निषाद, जगन्नाथ, रामभरोसा गोकुल, मुकुंदी आदि के साथ डोंगरगांव नवागांव नामक नाचा पार्टी चलाया करते थे। हारमोनियम मटिया के माखन लाल साव बजाया करते थे। नाचा, फिल्मी चमक से अछूता न था। उस जमाने में फिल्म आजाद के अपलम -चपलम - चपलाई रे,, गीत की तरह मोहन यादव व सुखलाल जो ड्यूएड नृत्य का जलवा बिखेरा करते थे उससे दर्शक बाग-बाग हो जाते थे। नाचा में ड्यूएड नर्तन मोहन- सुखलाल की शुरुआत थी। जो बाद में लोक सांस्कृतिक मंचों पर भी देखने को मिला।

### छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में बिखेरा नृत्य का जलवा

सुकलाल के कला जीवन की शुरुआत भी अचानक हुई। 70 के दशक में नवागांव नाच पार्टी के कलाकार बाहर से कार्यक्रम देकर डोंगरगांव स्थित उनके घर के सामने ही बस से उतरते थे। उस समय सुखलाल की उम्र 12 -13 वर्ष की रही होगी। वह अपने घर में बीड़ी बनाते हुए बड़े सुरीले ढंग से गुनगुनाया करता था। नाच पार्टी वालों को सुखलाल का गुनगुनाना काफी मधुर लगा और उसे अपने साथ नाचा में गाना गाने जाने के लिए राजी कर लिया। गरीबी परिस्थिति के घर वालों ने उसे चार पैसा कमाने जाने दिया। नाचा के कलाकारों ने उनके पैरों मैं घुंघरु बांधकर गाने और नाचने की प्रैक्टिस कराई। सुखलाल का सबसे पहले कार्यक्रम सावन झूले के समय डोंगरगांव के हनुमान मंदिर में हुआ। उसके बाद तो सुखलाल ऐसा नृत्य प्रवीण हुआ कि उसके कलाकारी की चर्चा दूर- दूर तक होने लगी। सुखलाल की बड़ी - बड़ी नाचा पार्टियों में डिमांड होने से वे मंदराजी दाऊ के साथ रवेली -लखोली नाचा पार्टी, झुमुक-नियाइक दास के साथ मटेवा नाचा पार्टी, नीचे कोहड़ा पार्टी, चोर चरण दास नाचा पार्टी टेड़ेसरा के अलावा छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी-गोंदा में काम कर चुके हैं। इन पार्टियों के साथ वे महाराष्ट के गढ़ चिरोली,कुरखेड़ा, वड़सा, आमगांव गोंदिया नवेगांव , उड़ीसा के खरियार रोड, नवागढ़ मध्य प्रदेश के जबलपुर, बिहार के जमशेदपुर टाटानगर आदि में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। चंदैनी-गोंदा, मटेवा व चोर चरण दास के साथ जबलपुर तीन -तीन बार जा चुके हैं।सुकलाल अपने कला प्रदर्शन से लोगों के दिल जीतने की साथ-साथ विभिन्न संस्थानों संगठनों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्रो से सम्मानित हुए है। डोंगरगांव में अपने ग़रीब के दिन काट रहे नाचा के परी नर्तक लोक कलाकार सुकलाल सुप्रसिद्ध महिला कलाकार मालाबाई फीदा बाई जयंती यादव कौशिल्या बाई,राधाबाई आदि के साथ काम कर चुके हैं। उनके साथ काम कर चुके बहुत से कलाकार आज इस दुनिया में नहीं है पर वे उन्हें शिद्दत से याद करते हुए अपने कलाकारी के ऊंचाई के दिनों को याद कर सुनहरे सपनो में खो जाते हैं।

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से: होली में उड़ता रंग-गुलाल और मोहल्ले में निकली हुलियारों की टोली

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आजकल अनेक त्योहारों के दो-दो मुहुर्त होने का समाचार मिलने लगा है। जब होली मनाने की बारी आई तो उसमें भी भ्रम की स्थिति थी। होलिका दहन 2 मार्च को हो या 3 मार्च को, इसे लेकर मोहल्ले में बड़ी देर तक विचार विमर्श होता रहा। अंततः यह तय किया गया कि होलिका दहन उसी दिन किया जाए, जिस दिन अपने शहर में यह आयोजन हो। रंग-गुलाल खेलने की तिथि को लेकर कोई मतभेद नहीं था। अतः 4 मार्च को ही होली मनाने निर्णय लिया गया।

होली के दिन तो जैसे रंग और गुलाल से बना हुआ एक स्वप्न लोक जीवंत हो उठा। बच्चों की टोली रंग गुलाल और पिचकारी से लैस होकर निकली। पहले तो उन्होंने आपस में खूब रंग लगाया और इसके बाद मोहल्ले में जो मिलते गए, उन्हें रंग गुलाल लगाते रहे। जब पानी में घोलने के लिए रंग खत्म होने लगे, तो उन्होंने केवल पानी का सहारा लिया। मसखरा चंद के घर के बाहर नल लगा हुआ है। बच्चों ने उसका धड़ल्ले से उपयोग किया।बच्चों के इस तरह पानी के उपयोग को संदेहीजी ने गलत माना और बच्चों को लगे डाँटने,

''एक तो वैसे ही पानी की कमी है और तुम लोग यूं बरबाद कर रहे हो।''

''अंकल! आपको शायद पता नहीं है, नगर निगम होली के दिन पानी की आधा घंटा एक्स्ट्रा सप्लाई कर रहा है।'' नटखट ने संदेही जी के तर्क को बेअसर करते हुए कहा।

संदेही जी की आए दिन की जाने वाली टोका टाकी से बच्चे वैसे भी परेशान रहते हैं। सभी बच्चों ने उन पर रंग गुलाल और पिचकारी से आक्रमण कर दिया। बच्चों ने उन्हें इस कदर रंग लगाया कि उनकी श्रीमती अटपटी ही उन्हें पहचान नहीं पाई। दूसरों पर सदैव संदेह करने वाले संदेही जी स्वयं संदेह के घेरे में आ गए और उन्हें यह सिद्ध करना मुश्किल हो गया कि वे ही संदेही हैं।

## शब्द सामर्थ्य -337


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू- दोकू क्र.337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### गजाधर प्रतीक्षा कर रहे ...।

बानी बोले ''साठ रूपया महंगा हुआ
एलपीजी गैस सिलेण्डर ।
तो सुनिए गजाधर!
इस पर जबर्दस्त विरोध की खबर-
जिला शहर कांग्रेस कमेटी
और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के
संयुक्त नेतृत्व में
रविवार को जयस्तंभ चौक पर
उग्र प्रदर्शन किया गया।
कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा
केन्द्र सरकार के खिलाफ
जमकर नारेबाजी करते हुए
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का
पुतला दहन किया गया।
और कांग्रेसियों ने
एलपीजी गैस की बढ़ी हुई कीमत,
तत्काल वापस लने की मांग की।
गजाधर! इस पर
आप क्या कहते है?''
गजाधर बोले गंभीर होकर-
''बानी ! हम तो प्रतीक्षा कर रहे हैं
कि गैस की कीमत बढ़ने पर
सत्ताधारी भाजपाई क्या कहते हैं?
वे अपनी सरकार से
जनता की तकलीफ को कहते हैं,
या फिर मौन रहते हैं?''

सोमवार 9 मार्च 2026



गिरीश बख्शी

## (प्लेईग इलेवन की कहानी)


### विश्व विजेता टी20 टीम इंडिया

1 देशभक्ति का संदेश है देता
फिल्म बॉर्डर और कर्मा
चोको छक्कों की झड़ी लगा देता
ओपनर अभिषेक शर्मा
2 किंग ऑफ़ पॉप के
रॉकस्टार थे माइकल जैक्सन
अपने बल्ले से बॉलर को नचा दे
पावर हिटर संजू सैमसन
3 मुरली की मधुर तान सुनाते
गोकुल वनवासी भगवान किशन
मैदान के चारों ओर शॉट लगाते
भारत का गौरव ईशान किशन
4 उगते ही जग को जगमगाते
भगवान नारायण सूर्या
बॉलर को विकेट से तरसाते
कप्तान कुमार यादव सूर्या
5 बल्ले की ताकत से मैदान में
छा जाते हैं तिलक वर्मा
चीते की तरह फील्डिंग कर
कैच पकड़ते हैं तिलक वर्मा
6 हर बाल को पहुंचाता
बाउंड्री सीमा रेखा के पार
शुभम दुबे नाम ही काफी है
और खेलने का अंदाज है अपरंपार
7 पावन नवरात्रि का अवसर
सब मिलकर खेल डांडिया
बॉलिंग बैटिंग से धमाल मचाए
ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या
8 मेहनत धैर्य और हिम्मत से
टीम के लिए करता कमाल
गेंद और बल्ला दोनों से
अक्षर पटेल का खेल बेमिसाल
9 यॉर्कर किंग की धार निराली
बल्लेबाजों पर पड़ती है भारी
मैदान में जब आता है बुमराह
बल्लेबाजों को दिखाता पवेलियन की राह
10 साहस धर्म और बलिदान की शान
गुरु गोविंद सिंह जी है महान
पॉवर प्ले में विकेट चटकाए
स्विंग के जादूगर अर्शदीप सिंह है महान
11 नेतृत्व में जिनकी ऊंची है शान
ऐसा होता है चक्रवर्ती महान
रहस्यमयी गेंदों का बादशाह
ऐसा है वरुण चक्रवर्ती महान



थंगेश्वर कुमार साहू मीत
(साहित्य साधक/कवि/व्याख्याता )
मो. 9098823304
राजनांदगांव

## राशिफल




**मेष**

आज चंद्रदेव वृश्चिक राशि में आपके आठवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिसके कारण आपका ध्यान रहस्यों और आर्थिक जांच-परख पर केंद्रित रहेगा। ग्यारहवें भाव में ग्रहों का ÷हाई-वोल्टेज÷ जमावड़ा सामाजिक जीवन में अचानक तनाव या तकनीकी बाधाएं पैदा कर सकता है। सकारात्मक रूप से देखें तो आपकी खोजी दृष्टि आज बहुत पैनी रहेगी।



**वृष राशि**

आज चंद्रमा आपके सातवें भाव में होने से आपका पूरा ध्यान साझेदारी, विवाह और व्यापारिक संबंधों पर रहेगा। आपकी सफलता इस बात में है कि आप रिश्तों में होने वाले भावनात्मक उतार-चढ़ाव को धैर्य से संभालें। वक्री बुधदेव के कारण करियर में तकनीकी खराबी या गलतफहमी होने की आशंका है, इसलिए संवाद स्पष्ट रखें।




**मिथुन**

आज चंद्रमा आपके छठे भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको दैनिक कार्यों और सेवा भाव की ओर प्रेरित करेंगे। हालांकि, सहकर्मियों के प्रति अत्यधिक आलोचनात्मक होने से बचें, वरना कार्यस्थल पर तनाव बढ़ सकता है। वक्री बुधदेव के कारण दिमागी भ्रम की स्थिति बन सकती है, इसलिए कोई भी महत्वपूर्ण ईमेल दोबारा जांच लें।



**कर्क**

आज चंद्रमा आपके पांचवें भाव में हैं, जो आपकी कल्पनाशक्ति और प्रेम संबंधों को गहराई देंगे। जहाँ आप रचनात्मक कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, वहीं आठवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा अचानक वित्तीय सूचनाओं से मन में बेचैनी पैदा कर सकता है। आपकी ममतामयी ऊर्जा आज बच्चों और प्रियजनों के लिए सुकून का स्रोत बनेगी।



**सिंह**

आज चंद्रमा आपके चौथे भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका मन घर और परिवार की ओर अधिक रहेगा। सातवें भाव में ग्रहों का भारी जमावड़ा पार्टनर के व्यवहार में उग्रता या व्यावसायिक साझेदारी में तनाव ला सकता है। आपकी सफलता बाहरी शोर-शराबे के बीच अपने घर को एक सुरक्षित ठिकाना बनाने में है।




**कन्या**

आज चंद्रमा आपके तीसरे भाव में होने से आप मानसिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे और संवाद के नए तरीके खोजेंगे। छठे भाव में ग्रहों का जमावड़ा कार्यस्थल पर विरोधियों या तकनीकी समस्याओं के कारण चुनौतियां पेश कर सकता है। आज आपके काम को दूसरों से अलग बनाएगी, जिससे अधिकारियों की नजरों में आपकी छवि सुधरेगी।




**तुला**

आज चंद्रमा आपके दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं, जो धन संचय और पारिवारिक मूल्यों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करेंगे। पांचवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा प्रेम संबंधों और संतान से जुड़े मामलों में अचानक उथल-पुथल ला सकता है। आपकी शालीनता और कूटनीति आज परिवार के बीच तालमेल बिठाने में काम आएगी।




**वृश्चिक**

आज चंद्रमा आपकी ही राशि (प्रथम भाव) में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपकी संवेदनशीलता और इंट्यूशन चरम पर होगी। चौथे भाव में ग्रहों का जमावड़ा घर में कलह या मरम्मत से जुड़े खर्चों का संकेत दे रहा है। वक्री बुधदेव आपको अपने व्यक्तित्व में सुधार करने और पुराने विचारों को त्यागने की प्रेरणा देंगे।




**धनु**

आज चंद्रमा आपके बारहवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको दुनिया की भीड़ से दूर एकांत में समय बिताने के लिए प्रेरित करेंगे। आपकी सफलता आज मौन रहने और अपने आंतरिक डर को समझने में है। वक्री बुधदेव के कारण यात्रा की योजनाओं में अंतिम समय पर बदलाव हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में आप भावनात्मक सुरक्षा की तलाश करेंगे।




**मकर**

आज चंद्रमा आपके ग्यारहवें भाव में होने से आप बड़े समूहों और मित्रों के साथ जुड़ने की इच्छा रखेंगे। दूसरे भाव में ग्रहों का जमावड़ा धन और वाणी के क्षेत्र में अस्थिरता या अचानक खर्चों का संकेत दे रहा है। वक्री बुधदेव पुराने लाभदायक संपर्कों को फिर से सक्रिय कर सकते हैं, जो भविष्य के लिए शुभ होंगे।



**कुंभ**

आज चंद्रमा आपके दसवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान करियर और मान-प्रतिष्ठा पर रहेगा। वक्री बुधदेव आपको अपनी छवि और कार्यशैली में सुधार करने का मौका दे रहे हैं। आपकी शालीनता आज अधिकारियों के सामने आपकी स्थिति मजबूत करेगी। प्रेम संबंधों में थोड़ा कटा-कटा महसूस कर सकते हैं।



**मीन**

आज चंद्रमा आपके नौवें भाव में होने से आपका झुकाव धर्म, दर्शन और लंबी यात्राओं की ओर रहेगा। बारहवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा अज्ञात भय या अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। वक्री बुधदेव पुराने शोध कार्यों या आध्यात्मिक शिक्षा को फिर से शुरू करने का संकेत दे रहे हैं। प्रेम संबंधों में आप एक 'शक्ति के स्तंभ' की तरह उभरेंगे।

# बिजेतला में फूड पार्क के नाम पर धोखा, गैस प्लांट के विरोध में सड़क पर उतरे ग्रामीण



**विधायक हर्षिता बघेल के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कहा- प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री बर्दाश्त नहीं**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम बिजेतला में उद्योगों की स्थापना को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। साल 2007 में जिस जमीन को फूड पार्क बनाने के नाम पर लिया गया था। वहां अब गैस या यूरिया प्लांट खोलने की तैयारी चल रही है।

इस जानकारी के बाद ग्रामीणों ने खुद को ठगा हुआ महसूस करते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि औद्योगिक प्रयोजन के लिए जब उनकी जमीनें खरीदी गई थी। तब आश्वासन दिया गया था कि फूड पार्क खुलने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी न तो फूड पार्क खुला और न ही ग्रामीणों को काम मिला। अब फूड पार्क की जगह गैस प्लांट खोलने की खबर ने ग्रामीणों के गुस्से को भड़का दिया है।

### जनप्रतिनिधि को भी अंधेरे में रखने का आरोप

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस पूरे मामले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि यह बिजेतला के किसानों और ग्रामीणों के साथ सरासर धोखा है। आश्चर्य की बात है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में कौन सा प्लांट लग रहा है। इसकी स्पष्ट जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी नहीं दी गई। उन्होंने प्रशासन की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी जनता के सामने होनी चाहिए। विधायक और ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से आशंका जताई है कि गैस या यूरिया प्लांट जैसी प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों से गांव का शांत वातावरण प्रदूषित हो जाएगा। इससे भविष्य में लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मर्जी के खिलाफ प्रदूषण फैलाने वाला प्लांट लगाया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार, घुमका पुलिस ने भेजा जेल

**सरस्वती चौक पर विवाद के बाद घर में घुसकर किया था हमला, एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर हुई कार्रवाई**



राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना पुलिस ने घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी रामेश्वर निषाद (41 वर्ष) निवासी ग्राम चारभाटा ने 4 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी के अनुसार घटना वाले दिन शाम करीब 5:30 बजे सरस्वती चौक पर रतन निषाद ने उसके साथ मारपीट की थी। विवाद यहीं शांत नहीं हुआ और इसके बाद रतन निषाद अपने दो बेटों लिलेश निषाद और लक्की निषाद के साथ प्रार्थी के घर के भीतर घुस गया।

### पूरे परिवार पर किया हमला

आरोपियों ने प्रार्थी के घर में घुसकर अभद्र गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। इस मारपीट में प्रार्थी रामेश्वर के साथ-साथ ईश्वरी, श्रीमती कमलेश्वरी और सीमा निषाद को चोटें आईं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत सोमवार 9 मार्च को पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। विवेचना के दौरान गवाहों के कथन और घटनास्थल के निरीक्षण में यह पाया गया कि आरोपियों ने एक राय होकर इस घटना को अंजाम दिया है। मामला गैर-जमानती होने के कारण आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

## पहला कॉलम...

### झण्डातलाब किराना दुकान में चोरी : चिचोला पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को दबोचा, नकदी बरामद



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला चौकी पुलिस ने क्षेत्र के एक किराना दुकान में हुई चोरी की गुत्थी को महज चंद घंटों में सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली है, जिसके बाद आरोपी को डोंगरगढ़ न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजेश साहू (42 वर्ष) निवासी ग्राम झण्डातलाब ने चिचोला चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 मार्च की मध्य रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी किराना दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 14,400 रुपये पार कर दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में चौकी प्रभारी योगेश पटेल एवं उनकी टीम ने तत्काल संदेहियों की धरपकड़ शुरू की। इस दौरान ग्राम झण्डातलाब के ही 22 वर्षीय युवक राकेश यादव (पिता स्व. भानुराम यादव) को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पहले टालमटोल करने के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी राकेश यादव ने चोरी की पूरी राशि (14,400 रुपये) अपने पैंट की जेब से निकालकर पुलिस के सामने पेश की, जिसे गवाहों के समक्ष जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक योगेश पटेल, सउनि मो. शरीफुद्दीन शेख, सउनि बिरेंद्र नाविक, प्रधान आरक्षक हरणलाल जगनीत, आरक्षक विष्णु राम साहू और कमलेश बंजारे की भूमिका सराहनीय रही।

### गंडई महाविद्यालय में 12 से सजेगा राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का मंच

गंडई (दावा)। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय गंडई में आगामी 12 एवं 13 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में' रखा गया है। यह आयोजन क्षेत्र के शैक्षणिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

#### अकादमिक विमर्श का बड़ा केंद्र बनेगा गंडई

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य भारत की सदियों पुरानी और समृद्ध ज्ञान-परंपरा को समकालीन संदर्भों में पुनर्स्थापित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.एस. वर्मा के संरक्षण एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे के मार्गदर्शन में होने वाला यह आयोजन विकसित भारत की संकल्पना और भारतीय चिंतन के अंतर्संबंधों पर गंभीर विमर्श हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। संगोष्ठी के संयोजक गावस्कर कौशिक एवं आयोजन सचिव भागवत वर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में देश के विभिन्न ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, विषय-विशेषज्ञ और शोधार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधपत्रों का वाचन किया जाएगा, जिससे भारतीय ज्ञान-परंपरा के दार्शनिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों पर नई रोशनी पड़ेगी। आयोजन समिति के अनुसार यह संगोष्ठी न केवल अकादमिक जगत के लिए महत्वपूर्ण है। बल्कि युवाओं में भारतीय चिंतन और वैश्विक परिप्रेक्ष्य के प्रति बौद्धिक जागरूकता विकसित करने की दिशा में भी एक बड़ी पहल है। महाविद्यालय परिवार ने क्षेत्र के सभी शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों से इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सक्रिय सहभागिता करने का उत्साहजनक आग्रह किया है।

### महाकाल मंदिर सिंघोला में आज से रुद्राक्ष फल का वितरण, महाकाल सेना की अनूठी पहल

राजनांदगांव (दावा)। आध्यात्मिक नगरी सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में आज 10 मार्च से श्रद्धालुओं के लिए विशेष रुद्राक्ष फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ होने जा रहा है। महाकाल सेना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से भक्तों को प्रसाद स्वरूप पवित्र रुद्राक्ष के फल प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वितरण के लिए दो समय प्रातः काल सुबह 7 से 9 बजे एवं संध्या काल शाम 7 से 8 बजे तक किया जाएगा। प्रसाद वितरण की नियमावली महाकाल सेना के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि रुद्राक्ष फल की उपलब्धता सीमित है। इसे ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को केवल एक ही रुद्राक्ष फल प्रदान किया जाएगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि मंदिर पहुँचने वाले अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इस पवित्र प्रसाद का लाभ मिल सके। समय का पालन करने की अपील आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे निर्धारित समय के भीतर ही महाकाल मंदिर सिंघोला परिसर पहुँचकर कतारबद्ध तरीके से प्रसाद ग्रहण करें। साथ ही मंदिर की मर्यादा और धार्मिक वातावरण को बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# अवैध संबंध के शक में बिल्डिंग ठेकेदार की पीट-पीटकर हत्या, 12 घंटे के भीतर 6 आरोपी और 2 नाबालिग गिरफ्तार



**केसीजी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : ग्राम गाडाडीह में गांव बिगाड़ने की बात पर ठेकेदार पर टूटा आरोपियों का कहर**

खैरागढ़ (दावा)। शक का कोई इलाज नहीं, वह लाइलाज है। इसी लाइलाज शक की परिणति एक दर्दनाक हत्याकांड के रूप में हुई। खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गाडाडीह में अवैध संबंध के संदेह में एक बिल्डिंग ठेकेदार की बेदम पिटाई कर दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, केसीजी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज 12 घंटे के भीतर 6 मुख्य आरोपियों सहित 2 नाबालिगों को धर दबोचा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किल्लापारा (वार्ड क्रमांक 11) निवासी तुलाराम पटेल (45 वर्ष) जो बिल्डिंग ठेकेदारी का काम करते थे। उनके यहां ग्राम गाडाडीह निवासी परदेशनीन बाई (40 वर्ष) रेजा मजदूर के रूप में कार्यरत थी। मृतक अक्सर काम के बाद उसे अपनी मोटरसाइकिल से घर छोड़ने जाया करता था। रविवार 8 मार्च की शाम भी जब तुलाराम महिला को छोड़ने गाडाडीह पहुंचा तो वहां मौजूद ग्रामीणों (आरोपियों) ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने तुम यहां क्यों आते हो, गांव को बिगाड़ रहे हो कहते हुए अवैध संबंध का आरोप लगाया और एकराय होकर तुलाराम पर हमला बोल दिया।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम

आरोपियों ने तुलाराम को हाथ, मुक्कों और लातों से इस कदर पीटा कि उनके चेहरे और शरीर पर गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में कीर्तन यादव उर्फ मुन्ना उम्र 35 वर्ष, समय यादव उम्र 45 वर्ष, आशीष यादव उर्फ बोदू उम्र 42 वर्ष, रूपलाल वर्मा उम्र 26 वर्ष, पल्टन उम्र 60 वर्ष, पवन वर्मा उम्र 35 वर्ष सहित दो विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। सोमवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फिलहाल मामले की विस्तृत विवेचना जारी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए केसीजी पुलिस टीम ने तत्काल मोर्चा संभाला। थाना खैरागढ़ में मर्ग क्रमांक 29/2026 और धारा 194 (बीएनएस) के तहत जांच शुरू की गई। साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 107/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(2), 190, 191(1) और 191(2) के तहत मामला दर्ज किया।

# लोकभवन में आयोजित स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दी बिहू नृत्य की प्रस्तुति



खैरागढ़ (दावा)।लोकभवन रायपुर में असम, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा व उत्तरप्रदेश के स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के विद्यार्थियों ने असम के लोकनृत्य बिहू की शानदार प्रस्तुति दी। उक्त आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के आदेशानुसार कथक, ओडिसी एवं लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों को लोकभवन भेजा गया था। विद्यार्थियों के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवाली सिंह, सुशांत दास व डॉ. अजय पांडेय मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने डॉ. शिवाली सिंह के निर्देशन में असम के लोक नृत्य बिहू की मनमोहक एवं शानदार प्रस्तुति दी। जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने लोकभवन में आयोजित 5 राज्यों के स्थापना दिवस समारोह पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान नहीं बल्कि भावनात्मक एकीकरण का माध्यम है। केन्द्र सरकार के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते हैं। इसी कड़ी में आज लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में इन राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बेहतर प्रस्तुति के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# योग और नृत्य की त्रिवेणी से महका महिला दिवस : योग वृक्ष समिति ने शिक्षिकाओं का किया सम्मान



**विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ समारोह, उपहार में भेंट किए गए पौधे**

डोंगरगढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय योग वृक्ष समिति द्वारा एक भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में योग वृक्ष की साधिकाओं और शिक्षिकाओं ने बड़ी संख्या में शिरकत कर नारी शक्ति और स्वास्थ्य का अनूठा संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान योग साधिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक योग नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही योग शिक्षिकाओं द्वारा गीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। महिलाओं के मनोरंजन के लिए कई दिलचस्प खेलों (गैम्स) का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश : भेंट किए गए पौधे

समिति द्वारा इस अवसर पर सभी योग शिक्षिकाओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की एक खास विशेषता यह रही कि अंत में प्रत्येक महिला शिक्षक को प्यार भरे उपहार स्वरूप जीवंत पौधे भेंट किए गए। जिसके माध्यम से प्रकृति और स्वास्थ्य के अंतर्संबंध को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों के लिए लजीज लंच का भी प्रबंध किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में योग वृक्ष समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपा टेंभुरकर, सचिव श्रीमती लीना साहू, श्रीमती कुसुम सहारे, मंजू पांडे, सरिता सहारे, भारती इंदूकर, मीणा लाऊत्रे, संगीता टेंबुरकर, नीकी डूलानी, राखी लाऊत्रे, सुनीता लाऊत्रे, करिश्मा तेजधार, असरफ जीवा, विद्या अंबादे, चित्रा कणीक, विद्या इंदुरकर, सोनाली कोटांगले, राधिका, प्रणीता टेंभेकर, अर्चना टेंभूरकर, पूजा सिंह, रेखा, प्रियंका, ममता, रानू साखरे, रेखा बड़ोले, अंजना सहारे, ज्योति, माधवी राव और प्रेरणा जनबंधु का सराहनीय योगदान रहा।

# जहाँ स्वच्छता और सेवा का भाव होता है, वहीं सच्चे संतों का प्रभाव होता है - संजय सिन्हा



छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम भर्रीटोला (ब) में छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज द्वारा संत शिरोमणि गाडगे बाबा की जयंती एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगजीत सिंह भाटिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, प्रांतीय अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर सहित समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। समाज को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि संत गाडगे बाबा एक महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि गाडगे बाबा जहाँ भी जाते थे। स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई शुरू कर देते थे। उनका मानना था कि स्वच्छता ही सच्ची ईश्वर सेवा है। उनका साधारण जीवन और उच्च विचार आज भी हमें समाज सेवा की प्रेरणा देते हैं।

### कुरीतियों के खिलाफ जगाई अलख

प्रांतीय अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने गाडगे बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, छुआछूत और कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। उन्होंने गरीबों के लिए स्कूल, धर्मशालाएं और आश्रम बनवाए ताकि शिक्षा का उजियारा हर घर तक पहुँच सके। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने कहा कि अमरावती विश्वविद्यालय का नाम उनके सम्मान में रखा जाना उनके महान कार्यों का प्रमाण है। हमें उनके बताए मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। जयंती समारोह के पश्चात समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. लेखराम निर्मलकर, डॉ. हेमसिंग निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, चुडामणि निर्मलकर, योगेश निर्मलकर, बलराम निर्मलकर, श्रीमती राधिका चंद्रवंशी, उभे राम मंडावी, अग्नू राम चंद्रवंशी, भगवान सिंह, धन्ना लाल यादव, देवानंद सहारे, नैनसिंह पटेल, अशोक सेन सहित बड़ी संख्या में निर्मलकर समाज के पदाधिकारी और सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# पुर्रामटोला में विकास की नई इबारत : 13 लाख के निर्माण कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**सीसी सड़क, पुलिया और यात्री प्रतीक्षालय की मिलेगी सौगात, किरण रविन्द्र वैष्णव बोलीं- गांवों का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता**

छुरिया (दावा)। क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पुर्रामटोला में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उत्साह का वातावरण देखने को मिला। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, प्राधिकृत अधिकारी नकुल नेताम, भाजपा मंडल छुरिया के मीडिया प्रभारी शिशुपाल साहू, सरपंच प्रतिनिधि कुंदन बडोले (शिकारी माहका) तथा ग्राम पंचायत पुर्रामटोला की सरपंच श्रीमती सुख बाई सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पुर्रामटोला में तीन महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इनमें लगभग 3.60 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण, 2.60 लाख रुपये की लागत से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण तथा लगभग 7.00 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को भी मजबूती मिलेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुलिया और यात्री प्रतीक्षालय जैसे निर्माण कार्य न केवल लोगों की दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्रयास है कि क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्य तेजी से हो और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांवों में विकास की नई धारा बह रही है और आने वाले समय में भी क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को शहरों जैसी सुविधाएं गांव में ही मिल सकें। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिकों में कुंजन लाल चंद्रवंशी (पूर्व सरपंच), रामभरोसा पडौती, पुरन यादव, चुरामन यादव, तुलसी पौडती, बरस सिंह, तुलसीराम, राम बिलास बांधे, श्रीमती विमला सिन्हा, श्रीमती राजोबाई पटेल, लताबसु जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यों से ग्राम के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों को दैनिक जीवन में काफी सुविधा प्राप्त होगी।

# मोदी सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल, गृहस्थी का बजट हुआ बेपटरी : हेमा देशमुख



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव की महापौर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती हेमा देशमुख ने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में हुई हालिया वृद्धि को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 13 वर्षों के भाजपा शासनकाल में महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। घरेलू गैस की कीमतों में 60 रुपये की नई बढ़ोतरी ने मध्यम और गरीब परिवारों के रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। महापौर हेमा देशमुख ने तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में जब गैस के दाम 430 रुपये थे, तब भाजपा 5 रुपये की वृद्धि पर भी सड़कों पर उतरकर विरोध करती थी। आज वही भाजपा सत्ता में आने के बाद 500 रुपये में गैस देने का वादा भूल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की दोषपूर्ण आर्थिक, व्यापारिक और विदेश नीतियों के कारण आज महिलाएं फिर से लकड़ी के चूल्हे और धुएं की ओर लौटने को मजबूर हैं, क्योंकि गैस सिलेंडर भरवाना अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। हेमा देशमुख ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि खनिज मंत्री का नाम हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एप्सटीन फाइल्स में आया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे असफल मंत्री से अब तक इस्तीफा क्यों नहीं लिया गया? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज देश की आर्थिक स्थिति इतनी डांवाडोल है कि हमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों और 8 प्रतिशत की जीडीपी दर वाले स्वर्णिम युग की याद आती है। महापौर ने सरकार से मांग की है कि गैस की कीमतों में की गई इस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की आय में कोई वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार को सचेत किया कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो जनता आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी।

# पहला कॉलम...

## कतर के ऊर्जा मंत्री की चेतावनी, कच्चा तेल 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगा

नई दिल्ली। कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने चेतावनी दी है कि मध्य पूर्व में युद्ध कुछ दिनों तक जारी रहने से खाड़ी देशों के निर्यातकों को अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे आपूर्ति रुक जाएगी और कुछ ही हफ्तों में तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल और प्राकृतिक गैस की कीमत 40 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (मीट्रिक मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) तक पहुंच जाएगी।

कतर के मंत्री ने फाइनेंशियल टाइम्स से कहा,जिन देशों ने अभी तक फोर्स मेज्योर घोषित नहीं किया है, हमें उम्मीद है कि स्थिति जारी रहने पर वे अगले कुछ दिनों में ऐसा करेंगे। खाड़ी क्षेत्र के सभी निर्यातकों को फोर्स मेज्योर घोषित करना होगा। उन्होंने आगे कहा, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें किसी न किसी बिंदु पर कानूनी रूप से उस दायित्व का भुगतान करना होगा, और यह उनकी पसंद है। मंत्री ने कहा कि अगर टैंकर और अन्य जहाज जलडमरूमध्य से गुजरने में असमर्थ रहे तो कच्चे तेल की कीमतें दो से तीन सप्ताह के भीतर 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, जबकि प्राकृतिक गैस की कीमतें चार गुना बढ़ सकती हैं।

ब्रेंट क्रूड वायदा में इस सप्ताह 20 प्रतिशत की तेजी आई है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शुक्रवार को ब्रेंट 3 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि डब्ल्यूटीआई 5 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 86 डॉलर पर पहुंच गया। दोनों बेंचमार्क अप्रैल 2024 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## सेंसेक्स दिन के सबसे निचले स्तर से 1200 पॉइंट चढ़कर बंद निफ्टी ने भी दिखाया दम

नई दिल्ली। ईरान-अमेरिका युद्ध और पश्चिम एशिया में बढ़ते जियोपॉलिटिकल टेंशन की वजह से 9 मार्च को भारतीय शेयर बाजार जोरदार गिरावट के साथ खुले। भारी गिरावट के बाद अंत में बाजार रिकवर मोड में आकर बंद हुआ। NSE Nift450 422.4 पॉइंट्स या 1.73 परसेंट नीचे 24,028.05 पर बंद हुआ। और BSE सेंसेक्स 1,352.74 पॉइंट्स या 1.71 परसेंट की गिरावट के साथ 77,566.16 पर बंद हुआ। भारतीय इक्विटी में बड़े पैमाने पर बिकवाली हुई और सभी बड़े सेक्टोरल इंडेक्स गहरे लाल निशान पर ट्रेड कर रहे थे। बैंकिंग, ऑटो और PSA बैंक स्टॉक्स में सबसे ज्यादा गिरावट आई, जिससे रिस्क-ऑफ सेंटिमेंट का संकेत मिला। मेटल, मीडिया और रियल्टी में भी तेज़ी से गिरावट आई, जबकि SMCA, IT और फार्मा जैसे डिफेंसिव सेक्टर्स में तुलना में कम गिरावट आई, जो मार्केट में दबाव के बीच सावधानी बरतने का संकेत है। शेयर बाजार में गिरावट का संकेत गिफ्ट निफ्टी से भी मिल रहा था, जो कि सुबह साढ़े 7 बजे 765.50 अंक या 3.11 फीसदी की जबरदस्त गिरावट के साथ 23810.50 पर था। निवेशकों की नजर वेस्ट एशिया में हो रहे डेवलपमेंट और ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर उनके असर पर है। साथ ही क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बड़े ग्लोबल रिस्क सेंटिमेंट पर भी फोकस रहेगा।

## कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग, पाकिस्तान में त्राहिमाम

नई दिल्ली। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने




चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पाकिस्तान का मासिक तेल इंपोर्ट बिल 600 मिलियन तक बढ़ सकता है। वित्त मंत्री का ये बयान ऐसे समय आया है जब वैश्विक तेल बाजार मौजूदा संकट पर तेजी से प्रतिक्रिया दे रहा है और सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के लेवल को पार कर गईं। सोमवार को इंटरनेशनल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 118.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि WTI क्रूड शुक्रवार के 90.90 डॉलर के बंद भाव से लगभग 30त्न बढ़कर 118.21 डॉलर पर पहुंच गया। ये उछाल मिडल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के बीच एनर्जी सप्लाई और शिपिंग रूट में संभावित रुकावटों के बढ़ते डर को दिखाता है। तेल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए पाकिस्तान ने पेट्रोलियम लेवी पर राहत के लिए IMS का रुख किया है और पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। रविवार को औरंगजेब ने मौजूदा संघर्ष के कारण बढ़ते आर्थिक दबाव के बारे में बताया। अगर संकट जारी रहता है तो पाकिस्तान का मासिक तेल इंपोर्ट बिल 600 मिलियन तक बढ़ सकता है और सरकार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के वित्तीय असर को कम करने के लिए इमरजेंसी प्लान तैयार कर रही है। अली परवेज मलिक ने इस्लामाबाद के रिजर्व को बढ़ाने में मदद के लिए फ्यूल बचाने के उपायों का आग्रह किया।

# टी20 विश्वकप जीत का पल फीका पड़ा? कमेंटेटर रवि शास्त्री की बड़ी चूक, सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल




नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत के दौरान कमेंट्री कर रहे रवि शास्त्री बड़ी गलती कर बैठे। उन्होंने आखिरी विकेट को नौवां विकेट बता दिया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना शुरू हो गई। हालांकि भारत के लिए यह जीत क्रिकेट इतिहास का यादगार पल बन गई।

टी20 विश्वकप 2026 के फाइनल में भारत ने इतिहास रचते हुए न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जैसे ही न्यूजीलैंड का आखिरी विकेट गिरा, पूरा स्टेडियम जश्न में डूब गया।

यह पल भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे यादगार पलों में से एक था, लेकिन इसी ऐतिहासिक क्षण के दौरान कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय कोच और दिग्गज खिलाड़ी रवि शास्त्री एक बड़ी गलती कर बैठे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना होने लगी।

भारत की जीत जैसे ही पक्की हुई, करोड़ों दर्शक टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उस पल को देख रहे थे। उसी दौरान रवि शास्त्री ने कमेंट्री करते हुए आखिरी विकेट को %नौवां विकेट% बता दिया। इतने बड़े मैच के निर्णायक पल में हुई इस गलती को फैंस ने तुरंत पकड़ लिया। सोशल मीडिया पर इस पर चर्चा शुरू हो गई और कई लोगों ने इसे बेहद शर्मनाक भूल बताया।

कमेंट्री में हुई इस गलती के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई क्रिकेट फैंस और विशेषज्ञों ने कहा कि इतने बड़े ऐतिहासिक मौके पर ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए थी। कुछ लोगों ने इसे %भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे अहम पल में हुआ अविश्वसनीय ब्रेन फेड% बताया। उनका कहना था कि ऐसे क्षण बार-बार टीवी पर दोहराए जाते हैं और हमेशा याद रखे जाते हैं।2011 की मशहूर कमेंट्री से तुलना

रवि शास्त्री का नाम क्रिकेट कमेंट्री की दुनिया में एक खास जगह रखता है। खासकर 2011 वनडे विश्वकप फाइनल में उनकी मशहूर लाइन आज भी क्रिकेट फैंस को याद है। उस समय एमएस धोनी के विजयी छक्के पर उन्होंने कहा था, %धोनी फिनिशेज इट ऑफ इन स्टाइल।% यह लाइन क्रिकेट इतिहास की सबसे आइकॉनिक कमेंट्री में गिनी जाती है, लेकिन 15 साल बाद उसी कमेंटेटर से फाइनल के निर्णायक पल में हुई गलती ने फैंस को निराश कर दिया।

कई फैंस ने सोशल मीडिया पर यह भी कहा कि अगर उस समय कमेंट्री बॉक्स में इयान बिशप या इयान स्मिथ जैसे कमेंटेटर होते तो शायद वह इस पल को और यादगार बना देते। फैंस का मानना था कि इतने बड़े मौके पर एक ऐसी लाइन होनी चाहिए थी जो आने वाले कई वर्षों तक याद रखी जाती।

# जसप्रीत बुमराह ने मलिंगा का रिकॉर्ड किया ध्वस्त, बने दुनिया के सिर्फ चौथे खिलाड़ी

राजनांदगांव । टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गेंद से कहर बरपा दिया। उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से न केवल टीम इंडिया को मैच जिताया, बल्कि एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। बुमराह ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 4 विकेट लेकर न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 15 रन खर्च किए, जो उनकी काबिलियत को दर्शाता है। बुमराह को इस शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया।




बुमराह का इससे पहले टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जिताने में भी अहम योगदान रहा था। बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए थे। इस तरह उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह शाहिद अफरीदी, सैम करन और विराट कोहली के बाद चौथे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच और पूरे टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दोनों अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। बुमराह का 15 रन देकर 4 विकेट का ये शानदार आंकड़ा टी20 वर्ल्ड कप फाइनल इतिहास दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। फाइनल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड अजंता मेंडिस के नाम है, जिन्होंने 2012 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट झटके थे।

## पहले पाकिस्तान और श्रीलंका, अब फाइनल हारते ही न्यूजीलैंड की शर्मनाक क्लब में एंट्री

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया ने कमाल करते हुए खिताब जीत लिया। टीम इंडिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। इस बड़ी हार के साथ ही न्यूजीलैंड का टी20 वर्ल्ड कप जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराते हुए कीवी टीम ने फाइनल का टिकट कटाया था। हालांकि, खिताबी मुकाबले में कीवी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी के सामने नहीं टिक सके और 256 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 159 रन पर ढेर हो गई। इसके साथ ही न्यूजीलैंड के नाम शर्मनाक कारनामा दर्ज हो गया।




**दूसरी बार फाइनल में मिली हार**

दरअसल, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम तीसरी ऐसी टीम बन गई है, जिसके नाम एक से ज्यादा फाइनल मैच हारने का कारनामा दर्ज हो गया है। न्यूजीलैंड को इससे पहले टी20 वर्ल्ड कप 2021 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड से पहले 2 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका भी हार चुके हैं। पाकिस्तान को 2007 में फाइनल में भारत से हार मिली थी। फिर 2022 में इंग्लैंड के हाथों पाकिस्तान टीम को खिताबी मुकाबले में हार का मुंह देखना पड़ा। वहीं, श्रीलंका को साल 2009 और 2012 में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में शिकस्त मिली थी।

# भारतीय रेलवे की माल दुलाई से आय फरवरी में 3 प्रतिशत बढ़कर 14,572 करोड़ रुपए हुई

नई दिल्ली । भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से आय फरवरी में सालाना आधार पर 2.97 प्रतिशत बढ़कर 14,571.99 करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकार की ओर से दी गई। पिछले वर्ष के इसी महीने में माल ढुलाई से प्राप्त आय 14,151.96 करोड़ रुपए थी।



रेलवे मंत्रालय के अनुसार, इस महीने माल ढुलाई में पिछले वर्ष के फरवरी महीने के 132.48 मिलियन टन (एमटी) की तुलना में 3.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 137.72 मिलियन टन (एमटी) हो गई। ट्रांसपोर्ट आउटपुट, जिसे नेट टन किलोमीटर (एनटीकेएम) में मापा जाता है, फरवरी 2026 में 4.18 प्रतिशत बढ़कर 76,007 मिलियन एनटीकेएम हो गया, जो एक वर्ष पहले 72,955 मिलियन एनटीकेएम था। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस महीने माल ढुलाई मुख्य रूप से कोयला, लौह अयस्क, तैयार इस्पात, उर्वरक, सीमेंट और कंटेनर कार्गो जैसी प्रमुख वस्तुओं द्वारा संचालित थी।

दैनिक माल ढुलाई में, लौह अयस्क की लोडिंग 0.529 मीट्रिक टन से बढ़कर 0.675 मीट्रिक टन हो गई (27.6 प्रतिशत की वृद्धि), जबकि कच्चा लोहा और तैयार इस्पात की लोडिंग 0.284 मीट्रिक टन से 20.8 प्रतिशत बढ़कर 0.343 मीट्रिक टन हो गई। सरकार ने यह भी बताया कि इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चे माल (लौह अयस्क को छोड़कर) की लोडिंग 0.096 मीट्रिक टन से बढ़कर 0.141 मीट्रिक टन हो गई, जो 46.9 प्रतिशत की वृद्धि है। मंत्रालय के अनुसार, उर्वरक की लोडिंग 10.2 प्रतिशत बढ़कर 0.184 मीट्रिक टन हो गई, जबकि खनिज तेल और कंटेनर एक्जीक्यूटिव एंड इम्पोर्ट (ईएक्सआईएम) यातायात में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मासिक संचयी आंकड़ों से प्रमुख वस्तुओं में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। कंटेनर यातायात की बात करें तो, इस माह के दौरान आयातित माल ढुलाई में 5.6 प्रतिशत और घरेलू कंटेनर यातायात में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच, भारतीय रेलवे ने 1,503.8 मीट्रिक टन माल ढुलाई की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,456.07 मीट्रिक टन से 3.28 प्रतिशत अधिक है। सरकार के अनुसार, इस अवधि के दौरान माल ढुलाई राजस्व 1.61 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि एनटीकेएम (न्यूनतम किलोग्राम) में मापी गई माल ढुलाई 1.62 प्रतिशत बढ़कर 840,000 मिलियन एनटीकेएम हो गई।

## मिडिल ईस्ट संघर्ष के बीच कतर ने फोर्स मेज्योर की चेतावनी दी, तेल और गैस की आपूर्ति रुकने का खतरा

नई दिल्ली ,09 मार्च । मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने चेतावनी दी है कि अगर संघर्ष कुछ दिनों तक और जारी रहता है तो खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा निर्यातकों को 'फोर्स मेज्योर' घोषित करना पड़ सकता है। इससे तेल और गैस की आपूर्ति रुक सकती है और वैश्विक ऊर्जा कीमतों में भारी उछाल आ सकता है।



दरअसल अगर कोई तेल कंपनी किसी युद्ध या प्राकृतिक आपदा की वजह से तेल की सप्लाई नहीं कर पाती, तो वह फोर्स मेज्योर घोषित कर सकती है और उसे अनुबंध के उल्लंघन का दोष नहीं माना जाएगा। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में साद अल-काबी ने कहा कि अगर मौजूदा हालात जारी रहे तो खाड़ी क्षेत्र के सभी निर्यातकों को आने वाले दिनों में फोर्स मेज्योर घोषित करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो कंपनियां ऐसा नहीं करेंगी, उन्हें कानूनी रूप से भारी जिम्मेदारी और नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर टैंकर और अन्य जहाज जलडमरूमध्य से गुजरने में असमर्थ रहते हैं, तो अगले दो से तीन हफ्तों में कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। वहीं प्राकृतिक गैस की कीमतें चार गुना तक बढ़कर 40 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (मेट्रिक मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) तक जा सकती हैं। इस सप्ताह ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में करीब 20 प्रतिशत और वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) में लगभग 25 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 3 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 89 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर ट्रेड कर रहा था, जबकि डब्ल्यूटीआई 5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## सोना 1.70 लाख के करीब तो चांदी 3 लाख की ओर

मुंबई ,09 मार्च । मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन) के रूप में कीमती धातुओं (सोना-चांदी) में खरीदारी का रुख किया, जिससे इस सप्ताह भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली, साथ ही व्यापक कमोडिटी बाजार में अस्थिरता भी बढ़ी।



हालांकि दिन के दौरान कुछ समय कीमतों में हल्की गिरावट और मुनाफावसूली देखने को मिली, लेकिन कुल मिलाकर सोने और चांदी की कीमतों का रुझान अभी भी मजबूत और तेजी वाला बना हुआ है।

एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की डिलीवरी वाले गोल्ड फ्यूचर्स में तेजी जारी रही और कीमतें 1,65,000 रुपए के रेजिस्टेंस स्तर को पार कर 1,69,880 रुपए तक पहुंच गई। हालांकि शुक्रवार को कारोबार के अंत में सोना लगभग स्थिर रहा और 1,61,675 रुपए पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से थोड़ा कम था।

वहीं, एमसीएक्स पर 5 मई की डिलीवरी वाले सिल्वर फ्यूचर्स में भी तेजी का रुख जारी रहा। चांदी की कीमत 2,85,000 रुपए के स्तर को पार कर लगभग 3,00,000 रुपए के करीब पहुंच गई। बाजार में इस दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर के अनुसार, सोना और चांदी दोनों रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंचने के बाद इनमें हल्की गिरावट देखने को मिली, जबकि आपूर्ति बाधित होने की आशंका के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया।

उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण ब्रेकआउट स्तरों के आसपास ट्रेडरों की भागीदारी बढ़ी है, लेकिन बाजार में अधिक अस्थिरता को देखते हुए जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना जरूरी है।

एक्सपर्ट के अनुसार, तकनीकी संकेतक बताते हैं कि सोने की कीमतों में तेजी का रुझान बना हुआ है। अगर सपोर्ट स्तर मजबूत रहता है तो सोना 1,70,000 रुपए तक पहुंच सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**जंग का आर्थिक प्रहार: कच्चे तेल में आग....**

ट्रांसपोर्टेशन, विमानन और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स की लागत बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर महंगाई पर होगा, क्योंकि माल ढुलाई महंगी होने से आम जरूरत की चीजें महंगी हो जाएंगी। हालांकि वित्त मंत्री ने सोमवार को लोकसभा में देश को भरोसा दिया है कि क्रूड ऑयल की कीमतें भरते से तत्कालिक रूप से देश में महंगाई बढ़ने की आशंका नहीं है। दूसरी ओर, विश्लेषक निफ्टी की कंपनियों की आय में 12त्न वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे, उनका मानना है कि अब कंपनियों के मार्जिन सिकुड़ेंगे और अर्निंग रिकवरी शिथिल पड़ सकती है। राहत की बात यह है कि भारत इस बार पिछले संकटों की तुलना में काफी मजबूत स्थिति में है। सरकार के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का 25 करोड़ (250 मिलियन) बैरल का बफर रिजर्व मौजूद है, जो सात से आठ हफ्ते की जरूरत पूरी कर सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत ने अब 27 के मुकाबले करीब 40 देशों से तेल मंगाना शुरू कर दिया है। खाड़ी देशों के अलावा रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और मध्य एशियाई देशों से भी आपूर्ति हासिल हो रही है। हमारा 60त्न तेल अब वैकल्पिक रास्तों से आ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार और मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे (वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में चालू खाता घाटा मात्र 0.8त्न) से भी अर्थव्यवस्था को एक सुरक्षा कवच मिला हुआ है।

**ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों....**

जताई। उन्होंने कहा कि यह हालात केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। साथ ही भारत की वैश्विक छवि और सामर्थ्य पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 55 प्रतिशत जरूरतें पश्चिम एशिया से होने वाले आयात से पूरी करता है। यदि उस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है तो उसका सीधा असर हमारे देश की आर्थिक स्थिरता पर पड़ सकता है। खरगे ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से कहा, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे यह मुद्दा उठाने का अवसर दिया। खरगे ने कहा कि वह नियम 176 के तहत तहत उभरती चुनौतियों के संदर्भ में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के विषय पर अल्पकालिक चर्चा की अनुमति का अनुरोध करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एशिया के उस क्षेत्र में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और आजीविका वहां की स्थिरता पर निर्भर करती है। हाल की घटनाओं में कुछ भारतीय नागरिकों के मारे जाने या लापता होने की खबरें भी सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर के दाम में लगभग 60 रुपये की बढ़ोतरी भी आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती है। भारत हर साल लगभग 51 बिलियन अमेरिकी डॉलर का तेल आयात करता है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था और परिवारों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ विषय है। इसलिए इन अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। इस बीच सभापति द्वारा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बैठ जाने के लिए कहा गया। सभापति ने खरगे को बाद में बोलने का अवसर देने की बात कही और कहा कि फिलहाल विदेश मंत्री एस जयशंकर सदन में अपनी बात रखने जा रहे हैं। इस बार विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच एस जयशंकर ने अपनी बात रखी। लेकिन विपक्षी सांसद लगातार नारेबाजी करते रहे इसके उपरांत विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया।

**बदला एलपीजी गैस सिलेंडर मिलने का....**

इसके अतिरिक्त, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में संभावित बाधाओं को देखते हुए सरकार ने दूसरे रूट से भी कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की सोर्सिंग बड़ा दी है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की गई है। सरकार का मानना है कि जब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 130 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आंकड़े को पार नहीं करती, तब तक घरेलू बाजार में दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे। भारत के पास वर्तमान में कच्चे तेल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जो कीमतों को स्थिर रखने में सहायक होगा।

**मिडिल ईस्ट संकट पर बोले एस जयशंकर:**

जिससे क्षेत्र में भारी तबाही की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ईरान में कुछ हजार भारतीय छात्र और पेशेवर काम के सिलसिले में मौजूद हैं। विदेश मंत्री के अनुसार, तेहरान में स्थित भारतीय दूतावास पूरी तरह सक्रिय है और हाई अलर्ट पर काम कर रहा है। भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीयों की मदद के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि ईरान में व्यापार के सिलसिले में मौजूद कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया के रास्ते सुरक्षित बाहर निकालने में भी मदद की गई है। इसके अलावा कई भारतीय छात्रों को भी ईरान से बाहर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता दी गई है। जयशंकर ने कहा कि भारत पहले भी सभी पक्षों से संयम बरतने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील कर चुका है। उनका मानना है कि मौजूदा तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति ही सबसे बेहतर रास्ता है।

**ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा.....**

और उनकी संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। चीन ने किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के जरिए ईरान की राजनीतिक व्यवस्था बदलने की कोशिशों का कड़ा विरोध किया है। बहरीन में फोर्स मेज्योर बहरीन की सरकारी तेल कंपनी बापको एनर्जीज ने अपनी गतिविधियों पर फोर्स मेज्योर घोषित कर दिया है। सित्रा इलाके में ईरानी ड्रोन हमले के कारण रिफाइनरी से गहरा धुआं उठता देखा गया, जिससे तेल की वैश्विक सप्लाई प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। भारी हताहत ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री अली जाफरियन के अनुसार, पिछले 9 दिनों में 1,255 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 200 महिलाएं और 168 स्कूली बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 12,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

**बेंगलुरु में आज बंद रहेंगे सभी होटल-रेस्टॉरेंट....**

में जारी तनाव के बीच तरह-तरह की अफवाहों की वजह से एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी की जानकारी मिल रही है। कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां जो लोग पहले 55 दिनों में LPG सिलेंडर बुक करते थे, उन्होंने 15 दिनों में LPG सिलेंडर बुक करना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने रिफाइनरियों को LPG के प्रोडक्शन में बढ़ोतरी करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही, सरकार ने कंपनियों को आदेश दिए हैं कि वो कमर्शियल एलपीजी कनेक्शन के बजाय घरेलू LPG कनेक्शन को प्राथमिकता दें। घरेलू ग्राहक हमेशा प्राथमिकता रहेंगे। इसके साथ ही, सरकार ने LPG के लिए नए पार्टनर्स की तलाश में भी जुटी हुई है। इसके अलावा, कई देशों जैसे- अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और नॉर्वे ने LPG बेचने के लिए भारत से संपर्क किया है।

**अफीम की खेती पर विधानसभा में.....**

को मुख्य आरोपी बनाया गया है। ताम्रकार को तीसरे नंबर पर रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ताम्रकार को सत्ता का संरक्षण है। एफआईआर में रकबा, खसरा और गांव का जिक्र नहीं है। जमीन मालिक का भी जिक्र नहीं है। सरकार किसको बचाना चाह रही है। छत्तीसगढ़ के सभी फार्म हाउस की जांच होनी चाहिए।

**0 6 हजार 242 किलोग्राम अफीम जब्त की: डिप्टी सीएम शर्मा**

डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा, पुलिस को 6 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। किसी सरपंच से ऐसी सूचना नहीं मिली थी। सूचना मिली थी कि अवैध रूप से समोदा गांव के फार्म हाउस में अफीम की खेती की जा रही है। तत्काल पूरी टीम पहुंची। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दूसरे दिन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की मौजूदगी में जब्ती की कार्रवाई की गई। 6 हजार 242 किलोग्राम अफीम जब्त की गई। इसकी कीमत 7.8 करोड़ रुपए है। दोषियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद से ही हर प्रकार के अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है और जांच जारी है। यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**ईरान ने तुर्किए पर दागी दूसरी....**

परिषद की बैठकें होती हैं, जिनमें चिंता व्यक्त की जाती है, लेकिन कार्रवाई करने का कोई वादा नहीं किया जाता। दूसरी मिसाइल को भी टकराने से पहले ही रोक दिया गया। तुर्की की धरती पर किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई पुष्टि नहीं हुई है, और यहां तक कि सटीक लक्षित लक्ष्य भी अनिश्चित बना हुआ है। अब तक अंकारा द्वारा अनुच्छेद 5 की मांग करने के बजाय अनुच्छेद 4 के तहत परामर्श का उपयोग करने (या उपयोग करने की धमकी देने) की अधिक संभावना दिख रही है, यानी सहयोगियों के साथ औपचारिक रूप से इस मुद्दे को उठाना। नाटो के स्वयं के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि अनुच्छेद 5 के तहत सशस्त्र हमला किसे माना जाएगा, यह उत्तरी अटलांटिक परिषद द्वारा मामले दर मामले तय किया जाता है; यह स्वचालित नहीं है और जानबूझकर अस्पष्ट रखा गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन एस्पाइड्स के तहत लाल सागर में दो फ्रिगेट भेजेगा। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स और ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारियाकोस मित्सोटाकिस से मुलाकात के बाद मैक्रों ने कहा, हम एक विशुद्ध रूप से रक्षात्मक, सुरक्षा मिशन स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं, जिसे यूरोपीय और गैर-यूरोपीय दोनों देशों के साथ मिलकर तैयार किया जाना चाहिए। क्रिस्टोडौलाइड्स ने कहा कि साइप्रस ईरान संघर्ष से संबंधित किसी भी सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा।

# अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान की दस्तक : हवन कुण्ड में बिना माचिस के सुलगी आग, बच्चों ने सीखे तर्क के गुर

राजनांदगांव (दावा)। बच्चों ने पढ़ा पहाड़ा और हवन कुंड में अपने आप अग्नि प्रज्वलित हो गई। विज्ञान कार्यकर्ता ने बंद पर्चियों को कान से लगाया और बिना पढ़े बता दिया कि उनके अंदर क्या लिखा है। अवसर था राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पखवाड़ा के दौरान विद्यार्थियों को अंधविश्वास और तथाकथित चमत्कारों के बारे में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में 7 मार्च को छात्रों को जागरूक करते हुए वैज्ञानिक सोच के प्रचार प्रसार का। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की राजनांदगांव इकाई के साथी प्रशांत और निलेश की पहल पर बच्चों को वैज्ञानिक सोच के लिए जागरूक करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा बताया गया कि बिना जाने किसी भी बात को नहीं मानना चाहिए। आजकल सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत सा झूठ परोसा जाता है उससे सावधान रहना है। अच्छी शिक्षा के लिए पूरे मन से



मेहनत कर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ढाई हजार साल पहले बुद्ध द्वारा बताए गए कलाम सूक्त का उल्लेख करते हुए बच्चों को बताया कि किसी बात को इसलिए मत मानों कि उसे बहुत से लोग मानते हैं। किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि वह बड़ी बड़ी पुस्तकों या पवित्र माने जाने वाले ग्रंथों में लिखी हुई है। किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि उसे किसी बड़े आदमी, किसी गुरु, किसी बड़े नेता या मैने कही है बल्कि उसे तब मानों जब तुम खुद जान लो कि वह कैसी है। विज्ञान कार्यकर्ता विश्वास मेश्राम ने सत्य का पता लगाने के लिए तर्क करने, परीक्षण करने और प्रयोगों द्वारा जानने पर बल दिया। उन्होंने बच्चों को याद दिलाया कि जो दूसरों के कहने पर चलते हैं उन्हें छत्तीसगढ़ी में परबुधिया कहते हैं इसलिए यदि हमें आजाद रहना है तो हमें अपने निर्णय खुद करने चाहिए। उन्होंने ध्यान दिलाया कि दुनियां में बगैर कारण के कुछ भी नहीं होता। हर घटना का कारण होता है। यह कारण भौतिक कारण होता है कोई पारलौकिक कारण नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ अंबेडकर की तरह पढ़ने लिखने और बड़े लक्ष्य अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भिलाई से आए शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी और इंटरनेशनल चेस आर्बिटर पी एन राव ने बच्चों को अंध विश्वास से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने कहा और उन्हें शहीद भगतसिंह के शहादत के बारे में बताते हुए उनकी अध्ययन के प्रति लगन का उल्लेख किया। विज्ञान संचारक प्रशांत जी ने बच्चों को बेहतर जीवन के लिए अच्छी शिक्षा पर जोर दिया और उन्हें अच्छी किताबें खोज खोज कर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की इकाई का गठन किया गया है। विज्ञान में रुचि रखने वाले नागरिक इसकी सदस्यता लें सकते हैं। इस अवसर पर अधीक्षक मोहनीश उइके, छात्र नायक कैरल्स कोठारी सहित प्रफुल्ल मंडावी, भूपेंद्र तोप्पा, सुभाष सोरी, डिकेश्वर मंडावी, सुभम कोरेटी प्रमुख छात्र उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह 22 को डोंगरगांव में



डोंगरगांव (दावा)। साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती के अवसर पर इस वर्ष 22 मार्च को विकासखंड डोंगरगांव में जिला स्तरीय वृहद कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह का आयोजन होगा।

वहीं 15 मार्च को राजनांदगांव स्थित साहू सदन में कर्मा माता की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस संबंध में साहू सदन में छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेन्द्र साहू की अध्यक्षता तथा जिलाध्यक्ष भागवत साहू की उपस्थिति में तैयारी बैठक आयोजित की गई, बैठक में कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विभिन्न प्रभारियों की नियुक्ति कर तैयारियां शुरू करने का निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि, कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

जिला साहू संघ के जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि, समारोह में लगभग 11 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह भी संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कर्मा जयंती महोत्सव के एक दिन पूर्व 14 मार्च को साहू युवा संगठन द्वारा राजनांदगांव नगर में भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो साहू सदन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः साहू सदन में समाप्त होगी, बैठक में नगर साहू संघ अध्यक्ष राजेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, मीडिया प्रकोष्ठ से अंकालू साहू सहित जिले भर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोहिया पेपर के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़



**रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा.लि. रायपुर एवं श्रीराम पैथोलाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंतगत ०८ मार्च को सुबह ९.३० बजे से नि:शुल्क स्वास्थय परीक्षण शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।**

शिविर सेक्टर 7 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-8 शिव मंदिर के पास सडडू रायपुर (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ। जिसमें सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, थायराईड प्रोफाईल, बी.पी. शुगर एण्ड फुल बाडी चेकअप आदि का विशेष जांच किया गया। शिविर का शुभारंभमुख्य अतिथि गोपेश साहू (जोन अध्यक्ष) नगर निगम रायपुर (छ.ग.) जोन-9 और कम्पनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया।

# जैविक खेती से आत्मनिर्भर बनीं "लखपति दीदी" राधा बाई वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। जैविक खेती से आत्मनिर्भर बनी खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम खमतराई निवासी राधा बाई वर्मा आज अपने परिश्रम, लगन और नवाचार के दम पर क्षेत्र में "लखपति दीदी" के रूप में पहचान बना चुकी हैं। कभी सीमित संसाधनों के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने वाली राधा वर्मा आज जैविक खेती, सब्जी उत्पादन, मछली पालन और जैविक कीटनाशक निर्माण जैसे विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

### संघर्ष से सफलता की ओर

स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पहले राधा वर्मा का परिवार मुख्य रूप से पारंपरिक धान की खेती पर निर्भर था। सीमित आय के कारण परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो जाता था। वर्ष 2017 में उन्होंने ओम सांई स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव की शुरुआत की। समूह से ऋण लेकर उन्होंने खेती को आधुनिक और टिकाऊ बनाने का संकल्प लिया।

### कृषि सखी बनकर मिली नई दिशा

इसी वर्ष उनका चयन कृषि सखी के रूप में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने जैविक खेती के महत्व और इसके लाभों को समझा। इसके बाद उन्होंने जैविक खाद और जैविक कीटनाशक बनाना शुरू किया तथा



**स्व-सहायता समूह से जुड़कर बदली राधा वर्मा की जिंदगी, कृषि सखी बनने से मिली जैविक खेती की नई दिशा, विविध आजीविका गतिविधियों से बढ़ी आय, किसानों को प्रशिक्षण देकर बनीं क्षेत्र की प्रेरणा**

अपनी खेती में इनका उपयोग प्रारंभ किया। धीरे-धीरे उन्होंने पूरी तरह जैविक खेती अपनाई और सब्जी उत्पादन भी शुरू किया।

### आजीविका के विविध स्रोत

राधा वर्मा ने खेती को ही अपनी सफलता का आधार बनाया। उन्होंने सब्जी उत्पादन, धान की खेती, मछली पालन और जैविक कीटनाशक निर्माण जैसे विभिन्न कार्यों को अपनाया। वे जैविक कीटनाशक बनाकर कृषि विभाग तथा आसपास के किसानों को भी उपलब्ध कराती हैं।

### प्रशिक्षण देकर बन रही हैं प्रेरणा

राधा वर्मा केवल स्वयं ही आगे नहीं बढ़ीं, बल्कि उन्होंने आसपास के गांवों के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित किया। वे कृषि सखी के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर के रूप में किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दे रही हैं। वर्ष 2025 से वे कृषि विभाग के साथ मास्टर ट्रेनर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं, जिसके लिए उन्हें प्रतिदिन 500 रुपये का मानदेय प्राप्त होता है।

### वार्षिक आय

उनकी वार्षिक आय विभिन्न गतिविधियों से इस प्रकार है सब्जी खेती से लगभग 3 लाख रुपये, धान की खेती से लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये, मछली पालन से लगभग 18 हजार रुपये, जैविक दवाइयों के विक्रय से लगभग 12 हजार रुपये, कृषि सखी के रूप में लगभग 24 हजार रुपये तथा मास्टर ट्रेनर के रूप में लगभग 12 हजार रुपये की आय प्राप्त होती है। इस प्रकार उनकी कुल वार्षिक आय लगभग 5 लाख 16 हजार रुपये तक पहुंच गई है, जिससे वे लखपति दीदी के रूप में स्थापित हो चुकी हैं।

### उपलब्धि और सम्मान

जैविक खेती के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए 9 नवम्बर 2025 को उन्हें राजभवन, रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्हें 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

# भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति घोषित, महेंद्र वैष्णव बने प्रदेश मीडिया सह प्रभारी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जारी इस सूची में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में महेंद्र वैष्णव को प्रदेश मीडिया सह प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



**प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से घोषणा, तत्काल प्रभाव से लागू**

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय से 7 मार्च को जारी आदेश के अनुसार सहकारिता प्रकोष्ठ की नई प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से घोषित इस कार्यसमिति में संगठन को मजबूत करने और सहकारिता क्षेत्र में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

घोषणा के अनुसार श्री महेंद्र वैष्णव को सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि वे अपने अनुभव और सक्रियता के माध्यम से संगठन के विचारों, कार्यक्रमों और गतिविधियों को मीडिया तथा जनसाधारण तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा संगठन में इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सहकारिता प्रकोष्ठ के माध्यम से किसानों, सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी लगातार सक्रिय रही है। ऐसे में मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी संगठन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश संयोजक प्रवीण दुबे, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित अनेक नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में महिला दिवस

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय की समस्त महिला शिक्षिकाओं और अन्य कार्मिकों को इस अवसर पर विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। इनमें श्रीमती अमृता चौधरी, सुश्री पलक, श्रीमती डी.पार्वती रवि कुमार, श्रीमती प्रियंका धारगावे, श्रीमती सिमरन, श्रीमती ट्विंकल आदि शामिल रहीं। शिक्षिकाओं के साथ-साथ शिक्षकों सुदीप आर्य, घनश्याम गिरिया और संदेश निनावे ने भी महिला दिवस के संबंध में प्रभावी और सशक्त प्रस्तुति दी। प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने कहा कि महिलाओं की परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों के निर्माण और विकास में प्रमुख भूमिका है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सौरभ कुमार ने किया। प्राथमिक विभाग के मुख्याध्यापक विनोद परते ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता : जिला न्यायालय में गूंजा महिला सशक्तिकरण का शंखनाद

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के आदेशानुसार और मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा की प्रेरणा से जिला न्यायालय राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में उनकी समान सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

### न्यायिक परिवार ने दी नारी शक्ति को सलामी

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण और न्यायालयीन कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री होता ने वैदिक मंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। उन्होंने स्त्री और पुरुष को एक ही सिक्के के दो




**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर संपन्न, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित**

पहलू बताते हुए समाज में दोनों की बराबर भूमिका को रेखांकित किया।

### नारी कमजोर नहीं, उसे पहचान की जरूरत

महिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष श्रीमती आराधना वैष्णव ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों और न्यायपालिका में उनकी बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती हर्षी अग्रवाल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि एक स्त्री मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में विविध जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए करियर में भी नित नए आयाम स्थापित कर रही है। उपस्थित न्यायाधीशों ने संकल्प लिया कि महिलाओं के लिए एक ऐसा सुरक्षित और न्यायपूर्ण वातावरण तैयार किया जाएगा जहां उनके सपनों को खुली उड़ान मिले। समारोह के दौरान जिला न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारियों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। न्यायाधीशों द्वारा उन्हें बैच लगाकर और स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रोत्साहन से महिला कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त रहा। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य, वरिष्ठ अधिवक्तागण, पैरालीगल वालिन्टियर और न्यायिक परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में समस्त न्यायाधीशों और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए समापन किया गया।

# आगामी जिला साहू संघ अध्यक्ष के लिए मजबूत दावेदार नंदूराम साहू

राजनांदगांव(दावा)। साहू समाज में संगठन, सेवा और समर्पण की पहचान बन चुके नंदूराम साहू को आगामी जिला साहू संघ अध्यक्ष पद के लिए एक योग्य, अनुभवी और सबको साथ लेकर चलने वाले उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। समाज के विभिन्न पदों पर लंबे समय तक सक्रिय रहते हुए उन्होंने सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी सादगी, कर्मठता और निष्ठा के कारण समाज के लोगों में उनके प्रति विशेष विश्वास और सम्मान देखने को मिलता है।

परिचय नाम नंदूराम साहू जन्मतिथि 01 मई 1970 पिता का नाम स्व. गैन्दूराम साहू पता रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) मोबाइल 7489369194, 9425564642। श्री साहू एक शिक्षित एवं साधारण कृषक परिवार से जुड़े हुए हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद उन्होंने समाज सेवा को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाया और निरंतर समाजहित में कार्य करते रहे हैं। सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के तहत साहू समाज के संगठन और विकास के लिए श्री साहू ने विभिन्न पदों पर रहकर जिम्मेदारियां निभाई हैं। वर्तमान में वे जिला साहू संघ राजनांदगांव के सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं पूर्व महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव, पूर्व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव,



**समाज सेवा और संगठन के दम पर उभरा नाम**

पूर्व महामंत्री युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग, पूर्व सचिव नगर साहू संघ राजनांदगांव। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने समाज के संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और सामाजिक एकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ नंदूराम साहू धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों में भी सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में वे विश्व हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ के सह प्रांत मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने पहले भी कई महत्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं पूर्व विभाग मंत्री दुर्ग विभाग (जिला राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद), पूर्व जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद राजनांदगांव, पूर्व जिला सहमंत्री विश्व हिन्दू परिषद राजनांदगांव, पूर्व रेवाडीह बस्ती प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने समाज में धार्मिक जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती के लिए लगातार कार्य किया।

श्री साहू ने अपने कार्यकाल के दौरान साहू समाज को संगठित करने के लिए कई बड़े आयोजन भी सफलतापूर्वक कराए। विशेष रूप से स्टेट स्कूल में आयोजित साहू कुंभ मेला तथा छुरियां के ग्राम बोईरडीह में विशाल साहू सम्मेलन समाज के इतिहास में महत्वपूर्ण आयोजन माने जाते हैं। इन कार्यक्रमों में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह (छत्तीसगढ़) तथा रघुवर दास (झारखंड) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन आयोजनों के माध्यम से समाज को एक मंच पर लाने और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। नंदूराम साहू की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने हमेशा समाजहित को राजनीति से ऊपर रखा। उन्होंने कभी किसी प्रकार का पक्षपात नहीं किया और हर वर्ग व हर विचारधारा के लोगों को साथ लेकर समाज की रीति-नीति के अनुरूप कार्य किया। उनकी यही कार्यशैली उन्हें समाज के बीच एक विश्वसनीय, निष्पक्ष और समर्पित समाजसेवक के रूप में स्थापित करती है। समाज के कई वरिष्ठजनों और युवाओं का मानना है कि श्री नंदूराम साहू के पास संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक समझ और नेतृत्व क्षमता है, इसलिए आगामी जिला साहू संघ अध्यक्ष पद के लिए वे एक मजबूत और योग्य उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। उनकी सोच है कि समाज में एकता, शिक्षा, संगठन और विकास को प्राथमिकता दी जाए तथा सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए।

# उधमिता जागरूकता शिविर कार्यशाला सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। गत रविवार दिनांक 01 मार्च 2026 को स्थानीय डॉ. आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन भरकापारा में उद्यमिता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय गजघाटे अपर संचालक उद्योग संचालनालय रायपुर थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बी.पी. वासनिक सेवानिवृत्त महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा उद्यमिता जागरूकता शिविर के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए एक सफल उद्यमी के गुणों तथा उद्यमिता की परिभाषा, वित्तीय साक्षरता और निवेश के संबंध में जानकारी दी गई। अगले वक्ता के रूप में शेखर मेश्राम डी.आर.पी. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की जानकारी प्रदान की गई। रायपुर से पहुँचे बैंक अधिकारी श्री मंडलोई प्रबंधक द्वारा बैंक ऋण की प्रक्रिया, मार्जिन मनी योजना की जानकारी तथा बैंक गॉरंटी आदि योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गजघाटे अपर संचालक द्वारा शासन द्वारा शुरू की गई स्टार्टअप योजना की जानकारी प्रदान की गई कि कैसे युवा साथी शासन के साथ मिलकर अपना व्यवसाय, उद्योग प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होनें उबेर, ओला एवं अमेजन को स्टार्टअप का अच्छा उदाहरण बताया। उन्होनें डॉ. आम्बेडकर के संदेशों का उदाहरण देते हुए कहा कि बाबा साहब के शिक्षित बनो नारे का आशय लोगों ने सर्टिफिकेशन, डिग्री को ही लेना समझ लिया है। मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि युवा साथी सही रोजगार, उद्योग का चयन कर युवा उद्यमी बनने के साथ ही और भी लोगों को रोजगार प्रदान कर सकते हैं। उन्होनें एक्सपोर्ट (निर्यात) योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा कहा कि मान्यता प्राप्त बैंकों से ही बैंक ऋण प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में अतुल वासनिक उद्योगपति, अनुराग ठावरे, प्रतिमा वासनिक अध्यक्ष संघमित्रा महिला मंडल भरकापारा, अखिलेश ठावरे, शेखर मेश्राम आदि प्रतिभागी उपस्थित थे।




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में सतत् प्रगति पथ पर छत्तीसगढ़




- विगत दो वर्षों में **1600 से अधिक** चिकित्सकीय पदों पर भर्तियां
- दूरस्थ इलाकों तक सुगम चिकित्सा सेवाओं के लिए **पीएम जनमन योजना** अंतर्गत 57 डेडीकेटेड मोबाइल मेडिकल यूनिट
- टेलीमेडिसिन के माध्यम से विगत दो वर्षों में **2 लाख से अधिक** लोगों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 31.44 लाख से अधिक क्लेम प्रकरणों में लगभग **₹4551 करोड़** का उपचार/भुगतान
- मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 2273 लाभार्थियों को **₹62.20 करोड़** की उपचार सहायता
- मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष अंतर्गत विगत दो वर्षों में 177 कार्यों हेतु **₹271.45 करोड़** की प्रशासकीय स्वीकृति
- **5 नए** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना
- **6 नवीन** शासकीय फिजियोथैरेपी चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना
- **9 नवीन** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना

संवाद-46482/6




हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com